مِنْ قَبْلِهَاۤ اُمَمٌ لِّتَتْلُوَا۠ عَلَيْهِمُ الَّذِيْۤ
اَوْحَيْنَاۤ اِلَيْكَ وَهُمْ يَكْفُرُوْنَ بِالرَّحْمٰنِ ؕ
قُلْ هُوَ رَبِّيْ لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ عَلَيْهِ
تَوَكَّلْتُ وَاِلَيْهِ مَتَابِ (٣٠)
وَلَوْ اَنَّ قُرْاٰنًا سُيِّرَتْ بِهِ الْجِبَالُ اَوْ
قُطِّعَتْ بِهِ الْاَرْضُ اَوْ كُلِّمَ بِهِ الْمَوْتٰى ؕ
بَلْ لِّلّٰهِ الْاَمْرُ جَمِيْعًا ؕ اَفَلَمْ يَايْـَٔسِ الَّذِيْنَ
اٰمَنُوْۤا اَنْ لَّوْ يَشَآءُ اللّٰهُ لَهَدَى النَّاسَ
جَمِيْعًا ؕ وَلَا يَزَالُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا تُصِيْبُهُمْ
بِمَا صَنَعُوْا قَارِعَةٌ اَوْ تَحُلُّ قَرِيْبًا مِّنْ
دَارِهِمْ حَتّٰى يَاْتِيَ وَعْدُ اللّٰهِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ
ع لَا يُخْلِفُ الْمِيْعَادَ (٣١)
وَلَقَدِ اسْتُهْزِئَ بِرُسُلٍ مِّنْ قَبْلِكَ
فَاَمْلَيْتُ لِلَّذِيْنَ كَفَرُوْا ثُمَّ اَخَذْتُهُمْ ۫
فَكَيْفَ كَانَ عِقَابِ (٣٢)

33. भला वह (अल्लाह) जो हर एक शख़्स पर उसकी कमाई पर निगाह रखते हुए खड़ा है, फिर भी उन्होंने अल्लाह के शरीक ठहरा रखे हैं। कहो: "ज़रा उनके नाम तो लो, या तुम उसे ऐसी बात की ख़बर दे रहे हो जिसके वुजूद का उसे ज़मीन भर में पता नहीं? या यूंही यह एक ऊपरी बात ही बात है?" नहीं, बल्कि इनकार करनेवालों के लिए उनकी मक्कारी ख़ुशनुमा बना दी गई है, और वो राह से रोक दिए गए हैं। जिसे अल्लाह ही गुमराह कर दे, उसे कोई राह पर लानेवाला नहीं।

34. उनके लिए दुनिया की ज़िन्दगी में भी अज़ाब है, रहा आख़िरत का अज़ाब, वह तो निहायत सख़्त है; और कोई भी नहीं जो उन्हें अल्लाह से बचाने वाला हो।

35. डर रखनेवालों के लिए जिस जन्नत का वादा है उसकी शान यह है कि उसके नीचे नहरें बह रही हैं, उसके फल दाइमी हैं, और इसी तरह उसका साया भी। यह अंजाम है उनका जो डर रखते हैं, जबकि अहले कुफ़्र का अंजाम आग है।

36. जिन लोगों को हमने किताब अता की है वो उससे जो तुम्हारी तरफ़ नाज़िल हुआ है, ख़ुश होते हैं; और मुख़्तलिफ़ गिरोहों में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो उसकी बाज़ बातों का इनकार करते हैं। कह दो: "मुझे तो बस यह हुक्म हुआ है कि मैं अल्लाह की बन्दगी करूं, और उसका शरीक न ठहराऊं। उसी की तरफ़ मैं दावत देता हूं, और उसी की तरफ़ मेरा रुजू है"।

37. और इसी तरह हमने इसे एक अरबी फ़रमान की शक्ल में उतारा है। अब अगर तुमने उस इल्म के बाद भी जो तुम्हारे पास आ चुका है उनकी ख़्वाहिशात की पैरवी की, तो अल्लाह के मुक़ाबले में न तो तुम्हारा कोई हिमायती होगा, और न कोई बचाने वाला।

38. तुमसे पहले भी हम कितने ही रसूल भेज चुके हैं, और हमने उन्हें बीवियां और बच्चे भी दिए थे; और किसी रसूल को यह इख़्तियार न था कि वह अल्लाह के हुक्म के बग़ैर कोई निशानी ख़ुद से ला देता। हर चीज़ के लिए एक वक़्त और हर एक वक़्त के लिए एक नविश्ता है।

39. अल्लाह जो कुछ चाहता है मिटा देता है, इसी तरह वह क़ायम भी रखता है, असल किताब तो ख़ुद उसी के पास है।

अ-फ़-मन् हु-व क़ाइमुन् अला कुल्लि नफ़्सिम्-बिमा क-सबत् व ज-अ़लू लिल्लाहि शु-रका-अ, क़ुल् सम्मूहुम् अम् तुनब्बिऊनहू बिमा ला यअ्लमु फ़िल् अर्ज़ि अम् बिज़ाहिरिम्-मिनल्क़ौलि, बल् ज़ुय्यि-न लिल्लज़ी-न क-फ़रू मक्रुहुम् व सुद्दू अ़निस्सबीलि, व मंय्युज़्लिलिल्लाहु फ़मा लहू मिन् हाद (33)

लहुम् अ़ज़ाबुन् फ़िल्हयातिद्दुन्या व ल-अ़ज़ाबुल्-आख़िरति अशक़्क़ु व मा लहुम् मिनल्लाहि मिंव्वाक़ (34)

म-सलुल्-जन्नतिल्लती वुअ़िदल्-मुत्तक़ू-न, तज्री मिन् तह़्तिहल्-अन्हारु, उकुलुहा दाइमुंव्-व ज़िल्लुहा, तिल्-क उ़क़्बल्लज़ीनत्तक़ौ व उ़क़्बल् काफ़िरीनन्नार (35)

वल्लज़ी-न आतैनाहुमुल्-किता-ब यफ़्रहू-न बिमा उन्ज़ि-ल इलै-क व मिनल्-अह़्ज़ाबि मंय्युन्किरु बअ्ज़हू, क़ुल् इन्नमा उमिर्तु अन् अअ्बुदल्ला-ह व ला उश्रि-क बिही, इलैहि अद्अू व इलैहि मआब (36)

व कज़ालि-क अन्ज़ल्नाहु हुक्मन् अ़-रबिय्यन्, व ल-इनित्त-बअ्-त अह्वा-अहुम् बअ्-द मा जाअ-क मिनल्-अ़िल्मि मा ल-क मिनल्लाहि मिंव्वलिय्यिंव्-व ला वाक़ (37) ●

व ल-क़द् अर्सल्ना रुसुलम् मिन् क़ब्लि-क व जअ़ल्ना लहुम् अ़ज़्वाजंव्-व ज़ुर्रिय्य-तन्, व मा का-न लि-रसूलिन् अंय्यअ्ति-य बिआयतिन् इल्ला बि-इज़्निल्लाहि, लिकुल्लि अ-जलिन् किताब (38)

यम्हुल्लाहु मा यशा-उ व युस्बितु व अ़िन्दहू उम्मुल्-किताब (39)

اَفَمَنْ هُوَ قَآئِمٌ عَلٰى كُلِّ نَفْسٍۢ بِمَا
كَسَبَتْ ۚ وَجَعَلُوْا لِلّٰهِ شُرَكَآءَ ۗ قُلْ
سَمُّوْهُمْ ۗ اَمْ تُنَبِّئُوْنَهٗ بِمَا لَا يَعْلَمُ
فِى الْاَرْضِ اَمْ بِظَاهِرٍ مِّنَ الْقَوْلِ ۗ
بَلْ زُيِّنَ لِلَّذِيْنَ كَفَرُوْا مَكْرُهُمْ
وَصُدُّوْا عَنِ السَّبِيْلِ ۗ وَمَنْ يُّضْلِلِ
اللّٰهُ فَمَا لَهٗ مِنْ هَادٍ ۝٣٣
لَهُمْ عَذَابٌ فِى الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا وَلَعَذَابُ
الْاٰخِرَةِ اَشَقُّ ۚ وَمَا لَهُمْ مِّنَ اللّٰهِ مِنْ
وَّاقٍ ۝٣٤
مَثَلُ الْجَنَّةِ الَّتِىْ وُعِدَ الْمُتَّقُوْنَ ۗ
تَجْرِىْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ ۗ اُكُلُهَا
دَآئِمٌ وَّظِلُّهَا ۗ تِلْكَ عُقْبَى الَّذِيْنَ
اتَّقَوْا ۖ وَّعُقْبَى الْكٰفِرِيْنَ النَّارُ ۝٣٥
وَالَّذِيْنَ اٰتَيْنٰهُمُ الْكِتٰبَ يَفْرَحُوْنَ بِمَآ
اُنْزِلَ اِلَيْكَ وَمِنَ الْاَحْزَابِ مَنْ يُّنْكِرُ
بَعْضَهٗ ۗ قُلْ اِنَّمَآ اُمِرْتُ اَنْ اَعْبُدَ اللّٰهَ
وَلَآ اُشْرِكَ بِهٖ ۗ اِلَيْهِ اَدْعُوْا وَاِلَيْهِ مَاٰبِ ۝٣٦
وَكَذٰلِكَ اَنْزَلْنٰهُ حُكْمًا عَرَبِيًّا ۗ وَلَئِنِ
اتَّبَعْتَ اَهْوَآءَهُمْ بَعْدَمَا جَآءَكَ مِنَ الْعِلْمِ ۙ
مَا لَكَ مِنَ اللّٰهِ مِنْ وَّلِيٍّ وَّلَا وَاقٍ ۝٣٧
وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا رُسُلًا مِّنْ قَبْلِكَ
وَجَعَلْنَا لَهُمْ اَزْوَاجًا وَّذُرِّيَّةً ۗ وَمَا
كَانَ لِرَسُوْلٍ اَنْ يَّاْتِىَ بِاٰيَةٍ اِلَّا بِاِذْنِ
اللّٰهِ ۗ لِكُلِّ اَجَلٍ كِتَابٌ ۝٣٨
يَمْحُوا اللّٰهُ مَا يَشَآءُ وَيُثْبِتُ ۖ
وَعِنْدَهٗۤ اُمُّ الْكِتٰبِ ۝٣٩

40. हम जो वादा उनसे कर रहे हैं ख़्वाह उसमें से कुछ हम तुम्हें दिखा दें, या तुम्हें उठा लें, तुम्हारे ज़िम्मे तो बस पैग़ाम पहुंचा देना ही है, हिसाब की ज़िम्मेदारी तो हमारी है।

41. क्या उन्होंने देखा नहीं कि हम ज़मीन को उसके किनारों से घटाते हुए आ रहे हैं? अल्लाह ही फ़ैसला करता है; कोई नहीं जो उसके फ़ैसले को पीछे डाल सके, और वह हिसाब जल्द लेता है।

42. उनसे पहले जो गुज़रे हैं वो भी चालें चल चुके हैं; लेकिन असल चाल तो पूरी की पूरी अल्लाह ही के हाथ में है। हर शख़्स जो कमाई कर रहा है वह उसके इल्म में है। अहले कुफ़्र जल्द ही जान लेंगे कि दार-ए-आख़िरत का अच्छा अन्जाम किसके लिए है।

43. जिन लोगों ने कुफ़्र की रविश इख़्तियार की वो कहते हैं कि "तुम कोई भेजे हुए नहीं हो"। कह दो कि "मेरे और तुम्हारे दरमियान अल्लाह की और जिस किसी के पास किताब का इल्म है उसकी गवाही काफ़ी है"।

सूरह इबराहीम मक्की

(आयतें 52, रुकूआत 7)

ख़ुदा-ए-रहमान व रहीम के नाम से

1. अलिफ़-लाम-रा। यह एक किताब है जिसे हमने तुम्हारी तरफ़ नाज़िल किया है ताकि तुम इंसानों को तारीकियों से निकाल कर रौशनी की तरफ़ ले आओ उनके रब की तौफ़ीक़ से, ज़बरदस्त, क़ाबिले तारीफ़ हस्ती।

2. उस अल्लाह के रास्ते की तरफ़ जिसका वह सब है जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है। काफ़िरों के लिए तो एक सख़्त अज़ाब के सबब बड़ी तबाही है।

3. जो आख़िरत पर हयात-ए-दुनिया को तरजीह देते हैं और अल्लाह के रास्ते से रोकते हैं, और उसमें कजी पैदा करना चाहते हैं। वही परले दर्जे की गुमराही में हैं।

4. हमने जो रसूल भी भेजा उसकी अपनी क़ौम की ज़बान के साथ ही भेजा ताकि वह उनके लिए अच्छी तरह खोलकर बयान कर दे; फिर अल्लाह जिसे चाहता है गुमराह कर देता है और जिसे चाहता है राह-ए-रास्त पर लगा देता है, वह है

व इम्मा नुरियन्न-क बअ्ज़ल्लज़ी नअिदुहुम् औ न-तवफ़्फ़-यन्न-क फ़-इन्नमा अलैकल्-बलाग़ु व अलैनल्-हिसाब (40)

अ-व लम् यरौ अन्ना नअ्तिल्-अर्-ज़ नन्क़ुसुहा मिन् अत्राफ़िहा, वल्लाहु यह्कुमु ला मुअक़्क़ि-ब लिहुक्मिही, व हु-व सरीअुल्-हिसाब (41)

व क़द् म-करल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिहिम् फ़लिल्लाहिल्-मक्रु जमीअन्, यअ्लमु मा तक्सिबु कुल्लु नफ़्सिन्, व स-यअ्लमुल्-कुफ़्फ़ारु लिमन् अुक़्बद्दार (42)

व यक़ूलुल्लज़ी-न क-फ़रू लस्-त मुर्सलन्, क़ुल् कफ़ा बिल्लाहि शहीदम्-बैनी व बैनकुम् व मन् अिन्दहू अिल्मुल्-किताब (43) ●

14 सूरतु इब्राहीम
(मक्की) इस सूरः में अरबी के 3601 अक्षर, 845 शब्द, 52 आयतें और 7 रुकू हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

अलिफ़्-लाम्-रा, किताबुन् अन्ज़ल्नाहु इलै-क लितुख़्रिजन्ना-स मिनज़्ज़ुलुमाति इलन्-नूरि बि-इज़्नि रब्बिहिम् इला सिरातिल् अज़ीज़िल्-हमीद (1)

अल्लाहिल्लज़ी लहू मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि, व वैलुल्-लिल्-काफ़िरी-न मिन् अज़ाबिन् शदीद (2)

अल्लज़ी-न यस्तहिब्बूनल्-हयातद्दुन्या अलल्-आख़िरति व यसुद्दू-न अन् सबीलिल्लाहि व यब्ग़ूनहा अि-वजन्, उलाइ-क फ़ी ज़लालिम्-बअीद (3)

व मा अर्सल्ना मिर्रसूलिन् इल्ला बिलिसानि-क़ौमिही लियुबय्यि-न लहुम्, फ़युज़िल्लुल्लाहु मंय्यशा-उ व यह्दी मंय्यशा-उ, व हुव-

وَاِنْ مَّا نُرِيَنَّكَ بَعْضَ الَّذِىْ نَعِدُهُمْ
اَوْ نَتَوَفَّيَنَّكَ فَاِنَّمَا عَلَيْكَ الْبَلٰغُ
وَعَلَيْنَا الْحِسَابُ (٤٠)
اَوَلَمْ يَرَوْا اَنَّا نَاْتِى الْاَرْضَ نَنْقُصُهَا
مِنْ اَطْرَافِهَا ۚ وَاللّٰهُ يَحْكُمُ لَا مُعَقِّبَ
لِحُكْمِهٖ ۚ وَهُوَ سَرِيْعُ الْحِسَابِ (٤١)
وَقَدْ مَكَرَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ فَلِلّٰهِ الْمَكْرُ
جَمِيْعًا ۚ يَعْلَمُ مَا تَكْسِبُ كُلُّ نَفْسٍ ۚ
وَسَيَعْلَمُ الْكُفّٰرُ لِمَنْ عُقْبَى الدَّارِ (٤٢)
وَيَقُوْلُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَسْتَ مُرْسَلًا ۚ
قُلْ كَفٰى بِاللّٰهِ شَهِيْدًا ۢ بَيْنِىْ وَبَيْنَكُمْ ۙ
وَمَنْ عِنْدَهٗ عِلْمُ الْكِتٰبِ (٤٣)

سُوْرَةُ اِبْرٰهِيْمَ مَكِّيَّةٌ اٰيَاتُهَا ٥٢ رُكُوْعَاتُهَا ٧

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

الٓرٰ ۚ كِتٰبٌ اَنْزَلْنٰهُ اِلَيْكَ لِتُخْرِجَ النَّاسَ
مِنَ الظُّلُمٰتِ اِلَى النُّوْرِ ۙ بِاِذْنِ رَبِّهِمْ
اِلٰى صِرَاطِ الْعَزِيْزِ الْحَمِيْدِ ۙ (١)
اللّٰهِ الَّذِىْ لَهٗ مَا فِى السَّمٰوٰتِ وَمَا فِى
الْاَرْضِ ۚ وَوَيْلٌ لِّلْكٰفِرِيْنَ مِنْ
عَذَابٍ شَدِيْدِ ۙ (٢)
الَّذِيْنَ يَسْتَحِبُّوْنَ الْحَيٰوةَ الدُّنْيَا
عَلَى الْاٰخِرَةِ وَيَصُدُّوْنَ عَنْ سَبِيْلِ
اللّٰهِ وَيَبْغُوْنَهَا عِوَجًا ۚ اُولٰٓئِكَ فِىْ
ضَلٰلٍ بَعِيْدٍ (٣)
وَمَآ اَرْسَلْنَا مِنْ رَّسُوْلٍ اِلَّا بِلِسَانِ
قَوْمِهٖ لِيُبَيِّنَ لَهُمْ ۚ فَيُضِلُّ اللّٰهُ مَنْ
يَّشَآءُ وَيَهْدِىْ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَهُوَ

भी ज़बरदस्त, बड़ी हिकमत वाला।

5. हमने मूसा को अपनी निशानियों के साथ भेजा था कि "अपनी कौम के लोगों को अंधेरों से रौशनी की तरफ़ निकाल ला और उन्हें खुदा के यादगार अय्याम की याद दिला, यक़ीनन इसमें हर सब्र, शुक्र करने वाले के लिए बड़ी निशानियां हैं।

6. जब मूसा ने अपनी क़ौम के लोगों से कहा कि "अल्लाह की उस नवाज़िश को याद करो जो तुमपर हुई है जब उसने तुम्हें फ़िरऔनियों से छुड़ाया, जो तुम्हें बुरा अज़ाब दे रहे थे, तुम्हारे लड़कों को ज़बह कर डालते थे, और तुम्हारी औरतों को ज़िन्दा रखते थे। और उसमें तुम्हारे रब की तरफ़ से बड़ी नवाज़िश हुई,

7. "जब तुम्हारे रब ने ख़बरदार कर दिया था कि 'अगर तुम शुक्रगुज़ार हुए, तो मैं तुम्हें बढ़ाऊंगा, लेकिन अगर तुम नाशुकरे साबित हुए तो यक़ीनन मेरा अज़ाब भी निहायत सख़्त है'।'

8. और मूसा ने यह भी कहा था कि "अगर तुम और ज़मीन में जो भी हैं सबके सब नाशुकरे हो जाओ, तो अल्लाह तो बड़ा बेनियाज़, आप अपनी ज़ात में क़ाबिले तारीफ़ है"।

9. क्या तुम को उन लोगों की ख़बर नहीं पहुंची जो तुमसे पहले गुज़रे हैं। नूह की क़ौम, और आद, और समूद और वो लोग जो उनके बाद हुए जिनको अल्लाह के सिवा कोई नहीं जानता? उनके पास उनके रसूल रौशन दलाइल लेकर आए थे; लेकिन उन्होंने उनके मुंह पर अपने हाथ रख दिए और कहने लगे, "जो कुछ देकर तुम्हें भेजा गया है हम उसका इनकार करते हैं। और जिसकी तरफ़ तुम हमें बुला रहे हो उसके बारे में तो हम सख़्त ख़लजान आमेज़ शक में हैं"।

10. उनके रसूलों ने कहा, "क्या अल्लाह के बारे में शक है, जो आसमानों और ज़मीन को वुजूद में लाने वाला है, वह तो तुम्हें इसलिए बुला रहा है ताकि तुम्हारे गुनाहों को माफ़ कर दे, और तुम्हें एक मुक़र्रर वक़्त तक मुहलत दे"। उन्होंने कहा, "तुम तो बस हमारे ही जैसे एक इन्सान

लु अज़ीज़ुल्-हकीम (4)

व ल-क़द् अर्सल्ना मूसा बिआयातिना अन् अख़्रिज् क़ौम-क मिनज़्ज़ुलुमाति इलन्नूरि व ज़क्किर्हुम् बिअय्यामिल्लाहि, इन्-न फ़ी ज़ालि-क लआयातिल् लिकुल्लि सब्बारिन् शकूर (5)

व इज़् का-ल मूसा लिक़ौमिहिज़्कुरू निअ्म-तल्लाहि अलैकुम् इज़् अन्जाकुम् मिन् आलि फ़िर्औ-न यसूमूनकुम् सूअल्-अज़ाबि व युज़ब्बिहू-न अब्ना-अकुम व यस्तह्यू-न निसा-अकुम्, व फ़ी ज़ालिकुम् बलाउम्-मिर्रब्बिकुम् अज़ीम (6) ●

व इज़् त-अज़्ज़-न रब्बुकुम् ल-इन् श-कर्तुम् ल-अज़ीदन्नकुम् व ल-इन् क-फ़र्तुम् इन्-न अज़ाबी ल-शदीद (7)

व क़ा-ल मूसा इन् तक्फ़ुरू अन्तुम व मन् फ़िलअर्ज़ि जमीअ़न् फ़-इन्नल्ला-ह ल-ग़निय्युन् हमीद (8)

अलम् यअ्तिकुम् न-बउल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिकुम् क़ौमि नूहिंव्-व आदिंव्-व समू-द, वल्लज़ी-न मिम्-बअ्दिहिम्, ला यअ्लमुहुम् इल्लल्लाहु, जाअत्हुम् रूसुलुहुम् बिल्बय्यिनाति फ़-रद्दू ऐदि-यहुम् फ़ी अफ़्वाहिहिम् व क़ालू इन्ना क-फ़र्ना बिमा उर्सिल्तुम् बिही व इन्ना लफ़ी शक्किम् मिम्मा तद्अूनना इलैहि मुरीब ●(9)

क़ालत् रूसुलुहुम् अफ़िल्लाहि शक्कुन् फ़ातिरिस्समावाति वल्अर्ज़ि, यद्अूकुम् लियग़्फ़ि-र लकुम् मिन् ज़ुनूबिकुम् व यु-अख़्ख़ि-रकुम् इला अ-जलिम्-मुसम्मन्, क़ालू इन् अन्तुम् इल्ला ब-शरुम्-मिस्लुना,

الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ④
وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا مُوْسٰى بِاٰيٰتِنَآ اَنْ اَخْرِجْ
قَوْمَكَ مِنَ الظُّلُمٰتِ اِلَى النُّوْرِ ۙ وَذَكِّرْهُمْ
بِاَيّٰىمِ اللّٰهِ ؕ اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّكُلِّ
صَبَّارٍ شَكُوْرٍ ⑤
وَاِذْ قَالَ مُوْسٰى لِقَوْمِهِ اذْكُرُوْا نِعْمَةَ
اللّٰهِ عَلَيْكُمْ اِذْ اَنْجٰىكُمْ مِّنْ اٰلِ فِرْعَوْنَ
يَسُوْمُوْنَكُمْ سُوْٓءَ الْعَذَابِ وَيُذَبِّحُوْنَ
اَبْنَآءَكُمْ وَيَسْتَحْيُوْنَ نِسَآءَكُمْ ؕ وَفِيْ
ذٰلِكُمْ بَلَآءٌ مِّنْ رَّبِّكُمْ عَظِيْمٌ ⑥
وَاِذْ تَاَذَّنَ رَبُّكُمْ لَئِنْ شَكَرْتُمْ
لَاَزِيْدَنَّكُمْ وَلَئِنْ كَفَرْتُمْ اِنَّ عَذَابِيْ
لَشَدِيْدٌ ⑦
وَقَالَ مُوْسٰٓى اِنْ تَكْفُرُوْٓا اَنْتُمْ وَمَنْ
فِي الْاَرْضِ جَمِيْعًا ۙ فَاِنَّ اللّٰهَ لَغَنِيٌّ
حَمِيْدٌ ⑧
اَلَمْ يَاْتِكُمْ نَبَؤُا الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِكُمْ
قَوْمِ نُوْحٍ وَّعَادٍ وَّثَمُوْدَ ۛ وَالَّذِيْنَ
مِنْۢ بَعْدِهِمْ ۛؕ لَا يَعْلَمُهُمْ اِلَّا اللّٰهُ ؕ
جَآءَتْهُمْ رُسُلُهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ فَرَدُّوْٓا
اَيْدِيَهُمْ فِيْۤ اَفْوَاهِهِمْ وَقَالُوْٓا اِنَّا كَفَرْنَا
بِمَآ اُرْسِلْتُمْ بِهٖ وَاِنَّا لَفِيْ شَكٍّ مِّمَّا
تَدْعُوْنَنَآ اِلَيْهِ مُرِيْبٍ ⑨
قَالَتْ رُسُلُهُمْ اَفِي اللّٰهِ شَكٌّ فَاطِرِ
السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ يَدْعُوْكُمْ لِيَغْفِرَ لَكُمْ
مِّنْ ذُنُوْبِكُمْ وَيُؤَخِّرَكُمْ اِلٰٓى اَجَلٍ
مُّسَمًّى ؕ قَالُوْٓا اِنْ اَنْتُمْ اِلَّا بَشَرٌ مِّثْلُنَا ؕ

हो; चाहते हो कि हमें उनसे रोक दो जिनकी पूजा हमारे बाप-दादा करते आए हैं; अच्छा तो अब हमारे सामने कोई खुली दलील ले आओ"।

11. उनके रसूलों ने उनसे कहा, "हम वाक़ई हैं तो बस तुम्हारे ही जैसे आदमी; लेकिन अल्लाह अपने बन्दों में से जिसपर चाहता है एहसान फ़रमाता है। और यह हमारा काम नहीं कि तुम्हारे सामने कोई दलील ले आएं, यह तो बस अल्लाह के हुक्म के बाद ही मुमकिन है; और अल्लाह ही पर मोमिनों को भरोसा करना चाहिए।

12. आख़िर हमें क्या हुआ है कि हम अल्लाह पर भरोसा न करें, जबकि उसने हमारे रास्तों की हमें रहनुमाई बख़्शी? तुम जो तकलीफ़ हमें पहुंचा रहे हो उसपर तो हम सब्र ही करेंगे; भरोसा करने वालों को तो अल्लाह ही पर भरोसा करना चाहिए"।

13. आख़िरकार कुफ़्र इख़्तियार करनेवाले लोगों ने अपने रसूलों से कहा, "हम अपनी सरज़मीन से तुम्हें निकाल कर रहेंगे, या तो फिर तुम्हें हमारी मिल्लत में लौट आना होगा"। तब उनके रब ने उनकी तरफ़ वही की कि "हम ज़ालिमों को हलाक करके रहेंगे,

14. और उनके बाद तुम्हें इस ज़मीन में बसाएंगे। यह उसके लिए है जिसे मेरे हुज़ूर पेशी का ख़ौफ़ हो, और जो मेरी वईद से डरे"।

15. उन्होंने फ़ैसला चाहा, और हर सरकश ज़िद्दी मुख़ालिफ़ नामुराद होकर रहा।

16. वह जहन्नम से घिरा है, और पीने को उसे कचलहू का पानी दिया जाएगा,

17. जिसको मुश्किल से घूंट-घूंट कर के लेगा, और ऐसा नहीं लगेगा कि वह आसानी से उसे उतार सकता है, और मौत उसपर हर तरफ़ से चली आती होगी, फिर भी वह मरेगा नहीं; और उसके सामने सख़्त अज़ाब होगा।

18. जिन लोगों ने अपने रब के साथ कुफ़्र किया उनकी तमसील यह है कि उनके आमाल जैसे राख हों, जिसपर आंधी के दिन सख़्त हवा का झोंका चले; कुछ भी उन्हें अपनी कमाई में से हाथ न आ सकेगा। यही परले दर्जे की तबाही व गुमराही है!

तुरीदू-न अन् तसुद्दूना अ़म्मा का-न यअ्बुदु आबाउना फ़अ्तूना बिसुल्तानिम्-मुबीन (10)

क़ालत् लहुम् रूसुलुहुम् इन् नह्नु इल्ला ब-शरूम्-मिस्लुकुम् व लाकिन्नल्ला-ह यमुन्नु अ़ला मंय्यशा-उ मिन् अ़िबादिही, व मा का-न लना अन् नअ्ति-यकुम् बिसुल्तानिन् इल्ला बि- इज़्निल्लाहि, व अ़लल्लाहि फ़ल्य-तवक्कलिल्-मुअ्मिनून (11)

व मा लना अल्ला न-तवक्क-ल अ़लल्लाहि व क़द् हदाना सुबु-लना, व लनस्बिरन्-न अ़ला मा आज़ैतुमूना, व अ़लल्लाहि फ़ल्य-तवक्कलिल् मु-तवक्किलून (12) ●

व क़ालल्लज़ी-न क-फ़रू लिरूसुलिहिम् लनुख़्रिजन्नकुम् मिन् अर्ज़िना औ-ल तअूदुन्-न फ़ी मिल्लतिना, फ़-औहा इलैहिम् रब्बुहुम् लनुह्लिकन्नज़्-ज़ालिमीन (13)

व लनुस्किनन्न-कुमुल्-अर्-ज़ मिम्-बअ्दिहिम्, ज़ालि-क लिमन् ख़ा-फ़ मक़ामी व ख़ा-फ़ वअ़ीद (14)

वस्तफ़्तहू व ख़ा-ब कुल्लु जब्बारिन् अ़नीद (15)

मिंव्वराइही जहन्नमु व युस्क़ा मिम्-माइन् सदीद (16)

य-तजर्रअुहू व ला यकादु युसीग़ुहू व यअ्तीहिल्-मौतु मिन् कुल्लि मकानिंव्-व मा हु-व बि-मय्यितिन्, व मिंव्वराइही अ़ज़ाबुन् ग़लीज़ (17)

म-सलुल्लज़ी-न क-फ़रू बिरब्बिहिम् अअ्मालुहुम् क-रमादि-निश्तद्दत् बिहिर्रीहु फ़ी यौमिन् आ़सिफ़िन्, ला यक़्दिरू-न मिम्मा क-सबू अ़ला शैइन्, ज़ालि-क हुवज़्ज़लालुल्-बअ़ीद (18)

تُرِيْدُوْنَ اَنْ تَصُدُّوْنَا عَمَّا كَانَ يَعْبُدُ
اٰبَآؤُنَا فَاْتُوْنَا بِسُلْطٰنٍ مُّبِيْنٍ ⑩
قَالَتْ لَهُمْ رُسُلُهُمْ اِنْ نَّحْنُ اِلَّا بَشَرٌ
مِّثْلُكُمْ وَلٰكِنَّ اللّٰهَ يَمُنُّ عَلٰى مَنْ
يَّشَآءُ مِنْ عِبَادِهٖ ؕ وَمَا كَانَ لَنَآ اَنْ
نَّاْتِيَكُمْ بِسُلْطٰنٍ اِلَّا بِاِذْنِ اللّٰهِ ؕ
وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُؤْمِنُوْنَ ⑪
وَمَا لَنَآ اَلَّا نَتَوَكَّلَ عَلَى اللّٰهِ وَقَدْ هَدٰىنَا
سُبُلَنَا ؕ وَلَنَصْبِرَنَّ عَلٰى مَآ اٰذَيْتُمُوْنَا ؕ
وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُتَوَكِّلُوْنَ ⑫
وَقَالَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لِرُسُلِهِمْ
لَنُخْرِجَنَّكُمْ مِّنْ اَرْضِنَآ اَوْ لَتَعُوْدُنَّ
فِيْ مِلَّتِنَا ؕ فَاَوْحٰۤى اِلَيْهِمْ رَبُّهُمْ
لَنُهْلِكَنَّ الظّٰلِمِيْنَ ۙ⑬
وَلَنُسْكِنَنَّكُمُ الْاَرْضَ مِنْۢ بَعْدِهِمْ ؕ
ذٰلِكَ لِمَنْ خَافَ مَقَامِيْ وَخَافَ
وَعِيْدِ ⑭
وَاسْتَفْتَحُوْا وَخَابَ كُلُّ جَبَّارٍ عَنِيْدٍ ۙ⑮
مِّنْ وَّرَآئِهٖ جَهَنَّمُ وَيُسْقٰى مِنْ مَّآءٍ
صَدِيْدٍ ۙ⑯
يَّتَجَرَّعُهٗ وَلَا يَكَادُ يُسِيْغُهٗ وَيَاْتِيْهِ
الْمَوْتُ مِنْ كُلِّ مَكَانٍ وَّمَا هُوَ بِمَيِّتٍ ؕ
وَمِنْ وَّرَآئِهٖ عَذَابٌ غَلِيْظٌ ⑰
مَثَلُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِرَبِّهِمْ اَعْمَالُهُمْ
كَرَمَادِ ۣ اشْتَدَّتْ بِهِ الرِّيْحُ فِيْ يَوْمٍ
عَاصِفٍ ؕ لَا يَقْدِرُوْنَ مِمَّا كَسَبُوْا عَلٰى
شَيْءٍ ؕ ذٰلِكَ هُوَ الضَّلٰلُ الْبَعِيْدُ ⑱

19. क्या तुमने देखा नहीं कि अल्लाह ने आसमानों और ज़मीन को मक़सद के साथ पैदा किया? अगर वह चाहे तो तुम सबको ले जाए और एक नई मख़्लूक़ ले आए,

20. और यह अल्लाह के लिए कुछ भी मुश्किल नहीं है।

21. सबके सब अल्लाह के सामने खुलकर आ जाएंगे; तो कमज़ोर लोग उन लोगों से जो बड़े बने हुए थे कहेंगे, "हम तो तुम्हारे पीछे चलते थे; तो क्या तुम अल्लाह के अज़ाब में से कुछ हम पर से टाल सकते हो?" वो कहेंगे, "अगर अल्लाह हमें राह दिखाता, तो हम तुम्हें भी दिखाते, अब हम जज़अ-फ़ज़अ करें या सब्र से काम लें, हमारे लिए बराबर है; हमारे लिए बचने की कोई जगह नहीं"

22. जब मुआमले का फ़ैसला हो चुकेगा तब शैतान कहेगा कि "अल्लाह ने तो तुमसे सच्चा वादा फ़रमाया था; और मैंने भी तुमसे वादा किया था, फिर मैंने तुमसे ख़िलाफ़े हक़ कहा था, मेरा तुम पर कोई इख़्तियार तो था नहीं सिवाए इसके कि मैंने तुम्हें बुलाया, और तुमने मेरी बात मान ली। तो अब मुझे मलामत न करो, बल्कि अपने आप ही को मलामत करो; न मैं तुम्हारी फ़रियाद सुन सकता हूं, और न तुम मेरी फ़रियाद सुन सकते हो, पहले जो तुमने मुझे शरीक ठहराया था मेरे दिल में तो उसकी कोई क़द्र नहीं, ज़ालिमों के लिए तो दर्दनाक अज़ाब यक़ीनी है"।

23. बख़िलाफ़ इसके जो लोग ईमान लाए और नेक आमाल इख़्तियार किए, वो ऐसे बागों में दाख़िल होंगे जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी, वो अपने रब के हुक्म से वहां हमेशा रहेंगे, वहां उनका इसतिक़बाल "सलाम!" से होगा।

24. क्या तुमने नहीं देखा कि अल्लाह ने कैसी तमसील पेश फ़रमाई? अच्छी पाकीज़ा बात एक अच्छे बाबरकत दरख़्त की तरह है। जिसकी जड़ गहरी जमी हुई हो, और उसकी शाख़ें आसमान में पहुंची हुई हों;

25. अपने रब के हुक्म से वह हर वक़्त अपना फल दे रहा हो। अल्लाह तो लोगों के लिए मिसालें पेश करता है; ताकि उनमें होशमन्दी आए।

अलम् त-र अन्नल्ला-ह ख़-लक़स्-समावाति वल्-अर्-ज़ बिल्-हक़्क़ि, इंय्यशअ् युज़्हिब्कुम् व यअ्ति बिख़ल्क़िन् जदीद (19)

व मा ज़ालि-क अ़लल्लाहि बि-अ़ज़ीज़ (20)

व ब-रज़ू लिल्लाहि जमीअ़न् फ़क़ालज़्ज़ु-अ़फ़ा-उ लिल्लज़ीनस्-तक्बरू इन्ना कुन्ना लकुम् त-बअ़न् फ़-हल् अन्तुम् मुग़्नू-न अ़न्ना मिन् अ़ज़ाबिल्लाहि मिन् शैइन्, क़ालू लौ हदानल्लाहु ल-हदैनाकुम्, सवाउन् अ़लैना अ-जज़िअ्ना अम् सबर्ना मा लना मिम्-महीस (21) ●

व क़ालश्शैतानु लम्मा क़ुज़ियल्-अम्रु इन्नल्ला-ह व-अ़-दकुम् वअ्दल्-हक़्क़ि व व-अ़त्तुकुम् फ़-अख़्लफ़्तुकुम्, व मा का-न लि-य अ़लैकुम् मिन् सुल्तानिन् इल्ला अन् दअ़ौतुकुम् फ़स्त-जब्तुम् ली फ़ला तलूमूनी व लूमू अन्फ़ु-सकुम्, मा अ-न बिमुस्रिख़िकुम् व मा अन्तुम् बिमुस्रिख़िय्-य, इन्नी क-फ़र्तु बिमा अश्रक्तुमूनि मिन् क़ब्लु, इन्नज़्ज़ालिमी-न लहुम् अ़ज़ाबुन् अलीम (22)

व उद्ख़िलल्लज़ी-न आमनू व अ़मिलुस्सालिहाति जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदी-न फ़ीहा बि-इज़्नि रब्बिहिम्, तहिय्यतुहुम् फ़ीहा सलाम (23)

अलम् त-र कै-फ़ ज़-रबल्लाहु म-सलन् कलि-मतन् तय्यि-बतन् क-श-ज- रतिन् तय्यि-बतिन् अस्लुहा साबितुंव्-व फ़र्अुहा फ़िस्समा-इ (24)

तुअ्ती उकु-लहा कुल्-ल हीनिम्-बि-इज़्नि रब्बिहा, व यज़्रिबुल्लाहुल्-अम्सा-ल लिन्नासि लअ़ल्लहुम् य-तज़क्करून (25)

اَلَمْ تَرَ اَنَّ اللّٰهَ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَ
الْاَرْضَ بِالْحَقِّ ؕ اِنْ يَّشَاْ يُذْهِبْكُمْ
وَيَاْتِ بِخَلْقٍ جَدِيْدٍ ۝١٩ۙ
وَّ مَا ذٰلِكَ عَلَى اللّٰهِ بِعَزِيْزٍ ۝٢٠
وَبَرَزُوْا لِلّٰهِ جَمِيْعًا فَقَالَ الضُّعَفٰٓؤُا
لِلَّذِيْنَ اسْتَكْبَرُوْٓا اِنَّا كُنَّا لَكُمْ تَبَعًا
فَهَلْ اَنْتُمْ مُّغْنُوْنَ عَنَّا مِنْ عَذَابِ
اللّٰهِ مِنْ شَيْءٍ ؕ قَالُوْا لَوْ هَدٰىنَا اللّٰهُ
لَهَدَيْنٰكُمْ ؕ سَوَآءٌ عَلَيْنَآ اَجَزِعْنَآ اَمْ صَبَرْنَا
مَا لَنَا مِنْ مَّحِيْصٍ ۝٢١ ع
وَقَالَ الشَّيْطٰنُ لَمَّا قُضِيَ الْاَمْرُ اِنَّ
اللّٰهَ وَعَدَكُمْ وَعْدَ الْحَقِّ وَوَعَدْتُّكُمْ
فَاَخْلَفْتُكُمْ ؕ وَمَا كَانَ لِيَ عَلَيْكُمْ مِّنْ
سُلْطٰنٍ اِلَّآ اَنْ دَعَوْتُكُمْ فَاسْتَجَبْتُمْ
لِيْ ۚ فَلَا تَلُوْمُوْنِيْ وَلُوْمُوْٓا اَنْفُسَكُمْ ؕ
مَآ اَنَا بِمُصْرِخِكُمْ وَمَآ اَنْتُمْ بِمُصْرِخِيَّ ؕ
اِنِّيْ كَفَرْتُ بِمَآ اَشْرَكْتُمُوْنِ مِنْ قَبْلُ ؕ
اِنَّ الظّٰلِمِيْنَ لَهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ۝٢٢
وَاُدْخِلَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ
جَنّٰتٍ تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ
فِيْهَا بِاِذْنِ رَبِّهِمْ ؕ تَحِيَّتُهُمْ فِيْهَا سَلٰمٌ ۝٢٣
اَلَمْ تَرَ كَيْفَ ضَرَبَ اللّٰهُ مَثَلًا كَلِمَةً
طَيِّبَةً كَشَجَرَةٍ طَيِّبَةٍ اَصْلُهَا ثَابِتٌ
وَّ فَرْعُهَا فِي السَّمَآءِ ۝٢٤ۙ
تُؤْتِيْٓ اُكُلَهَا كُلَّ حِيْنٍ بِاِذْنِ رَبِّهَا ؕ
وَيَضْرِبُ اللّٰهُ الْاَمْثَالَ لِلنَّاسِ لَعَلَّهُمْ
يَتَذَكَّرُوْنَ ۝٢٥

26. और बुरी नापाक बात की मिसाल ऐसी है जैसे एक ख़राब दरख़्त हो जिसे ज़मीन के ऊपर ही से उखाड़ लिया जाए, उसे कुछ भी सबात हासिल न हो।

27. अल्लाह उन लोगों को जो ईमान ले आए मुहकम बात के ज़रिए से दुनिया की ज़िन्दगी में भी और आख़िरत में भी सबात अता करता है; और ज़ालिमों को अल्लाह तबाह और बेठिकाना कर देता है; और अल्लाह जो चाहता है करता है।

28. क्या तुमने उन लोगों को नहीं देखा जिन्होंने अल्लाह की नेमत को कुफ़्राने नेमत से बदल डाला, और अपनी क़ौम को हलाकत के घर में उतार दिया?

29. (यानी) जहन्नम में, जिसमें वो झोंके जाएंगे; और वह निहायत बुरी जाए क़रार है!

30. उन्होंने अल्लाह के हमसर ठहरा लिए ताकि नतीजतन वो उन्हें उसकी राह से भटका दें। कह दो: "चन्द रोज़ मज़े ले लो; आख़िरकार जाना तुम्हें आग ही की तरफ़ है!"

31. मेरे उन बन्दों से जो ईमान लाए हैं कह दो कि वो नमाज़ की पाबन्दी करें, और उन्हें जो कुछ हमने दिया है उसमें से पोशीदा और अलानिया ख़र्च करें, क़ब्ल इसके कि वह दिन आ जाए जिसमें न कोई ख़रीद व फ़रोख़्त होगी और न दोस्त नवाज़ी ही।

32. वह अल्लाह ही है जिसने आसमानों और ज़मीन को पैदा किया, और आसमान से पानी उतारा फिर उसके ज़रिए से कितने ही पैदावार और फल तुम्हारे रिज़्क़ की शक्ल में वुजूद में लाया। और कश्ती को तुम्हारे काम में लगाया ताकि समुंदर में उसके हुक्म से चले; और दरियाओं को भी तुम्हारी नफ़ारसानी में लगाया।

33. और सूरज और चांद को भी तुम्हारे काम में लगाया कि एक क़ानून पर गरदिश में हैं, और रात और दिन को भी तुम्हारी नफ़ारसानी में लगा रखा है,

34. और हर उस चीज़ में से तुम्हें अता किया जो तुमने उससे मांगा। अगर तुम अल्लाह की नेमतों का शुमार करना चाहो तो उन्हें शुमार नहीं कर सकते, हक़ीक़त यह है कि इंसान बड़ा ही बेइन्साफ़, बड़ा ही नाशुक्रा है!

व म-सलु कलि-मतिन् ख़बीसतिन् क-श-ज-रतिन् ख़बीसति-निज्तुस्सत् मिन् फ़ौक़िल्अर्ज़ि मा लहा मिन् क़रार (26)

युसब्बितुल्लाहुल्लज़ी-न आमनू बिल्क़ौलिस्-साबिति फ़िल्हयातिद्दुन्या व फ़िल्-आख़िरति व युज़िल्लुल्लाहुज़्ज़ालिमी-न व यफ़्अलुल्लाहु मा-यशा-उ (27) ●

अलम् त-र इलल्लज़ी-न बद्दलू निअ्-मतल्लाहि कुफ़्रंव्-व अ-हल्लू क़ौमहुम् दारल्-बवार (28)

जहन्न-म यस्लौनहा, व बिअ्सल्क़रार (29)

व ज-अलू लिल्लाहि अन्दादल्-लियुज़िल्लू अन् सबीलिही, क़ुल् त-मत्तअू फ़-इन्-न मसीरकुम् इलन्नार (30)

क़ुल् लिअिबादियल्लज़ी-न आमनू युक़ीमुस्सला-त व युन्फ़िक़ू मिम्मा रज़क़्नाहुम् सिर्रंव्-व अलानि-यतम् मिन् क़ब्लि अंय्यअ्ति-य यौमुल्-ला बैअुन् फ़ीहि व ला ख़िलाल (31)

अल्लाहुल्लज़ी ख़-लक़स्समावाति वलअर्-ज़ व अन्ज़-ल मिनस्समा-इ मा-अन् फ़-अख़्र-ज बिही मिनस्स-मराति रिज़्क़ल्लकुम् व सख़्ख़-र लकुमुल्फ़ुल्-क लितज्रि-य फ़िल्-बह्रि बि-अम्रिही व सख़्ख़-र लकुमुल्-अन्हार (32)

व सख़्ख़-र लकुमुश्शम्-स वल्-क़-म-र दाइबैनि व सख़्ख़-र लकुमुल्-लै-ल वन्नहार (33)

व आताकुम् मिन् कुल्लि मा स-अल्तुमूहु, व इन् तअुद्दू निअ्-मतल्लाहि ला तुह्सूहा, इन्नल्-इन्सा-न ल-ज़लूमुन् कफ़्फ़ार (34) ●

وَمَثَلُ كَلِمَةٍ خَبِيْثَةٍ كَشَجَرَةٍ خَبِيْثَةِ اِجْتُثَّتْ مِنْ فَوْقِ الْاَرْضِ مَا لَهَا مِنْ قَرَارٍ ۲۶

يُثَبِّتُ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا بِالْقَوْلِ الثَّابِتِ فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا وَفِي الْاٰخِرَةِ ۚ وَيُضِلُّ اللّٰهُ الظّٰلِمِيْنَ ۙ وَيَفْعَلُ اللّٰهُ مَا يَشَآءُ ۲۷

اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ بَدَّلُوْا نِعْمَتَ اللّٰهِ كُفْرًا وَّاَحَلُّوْا قَوْمَهُمْ دَارَ الْبَوَارِ ۲۸

جَهَنَّمَ ۚ يَصْلَوْنَهَا ۭ وَبِئْسَ الْقَرَارُ ۲۹

وَجَعَلُوْا لِلّٰهِ اَنْدَادًا لِّيُضِلُّوْا عَنْ سَبِيْلِهٖ ۭ قُلْ تَمَتَّعُوْا فَاِنَّ مَصِيْرَكُمْ اِلَى النَّارِ ۳۰

قُلْ لِّعِبَادِيَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا يُقِيْمُوا الصَّلٰوةَ وَيُنْفِقُوْا مِمَّا رَزَقْنٰهُمْ سِرًّا وَّعَلَانِيَةً مِّنْ قَبْلِ اَنْ يَّاْتِيَ يَوْمٌ لَّا بَيْعٌ فِيْهِ وَلَا خِلٰلٌ ۳۱

اَللّٰهُ الَّذِيْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ وَاَنْزَلَ مِنَ السَّمَآءِ مَآءً فَاَخْرَجَ بِهٖ مِنَ الثَّمَرٰتِ رِزْقًا لَّكُمْ ۚ وَسَخَّرَ لَكُمُ الْفُلْكَ لِتَجْرِيَ فِي الْبَحْرِ بِاَمْرِهٖ ۚ وَسَخَّرَ لَكُمُ الْاَنْهٰرَ ۳۲

وَسَخَّرَ لَكُمُ الشَّمْسَ وَالْقَمَرَ دَآئِبَيْنِ ۚ وَسَخَّرَ لَكُمُ الَّيْلَ وَالنَّهَارَ ۳۳

وَاٰتٰىكُمْ مِّنْ كُلِّ مَا سَاَلْتُمُوْهُ ۭ وَاِنْ تَعُدُّوْا نِعْمَتَ اللّٰهِ لَا تُحْصُوْهَا ۭ اِنَّ الْاِنْسَانَ لَظَلُوْمٌ كَفَّارٌ ۳۴

35. याद करो जब इबराहीम ने कहा था कि "मेरे रब, इस सरज़मीन को पुर अमन बना दे, और मुझे और मेरी औलाद को इससे बचा कि हम बुतों को पूजने लग जाएं;

36. मेरे रब, उन्होंने तो अकसर लोगों को गुमराह किया है। पस जिस किसी ने मेरी पैरवी की वह तो मेरा है; और जिसने मेरी नाफ़रमानी की तो यक़ीनन तू बड़ा बख़्शने वाला, निहायत रहमवाला है।

37. हमारे रब, मैंने एक ऐसी वादी में जहां खेती के लायक़ ज़मीन नहीं अपनी औलाद का एक हिस्सा तेरे मुहतरम घर के पास बसा दिया है; हमारे रब, ताकि वो नमाज़ क़ायम करें, लिहाज़ा तू ऐसा कर दे कि लोगों के दिल उनकी तरफ़ माइल हों, और उन्हें फलों और पैदावार की रोज़ी दे; ताकि वो शुक्रगुज़ार हों।

38. हमारे रब, तू तो जानता ही है जो कुछ हम छुपाते हैं और जो कुछ ज़ाहिर करते हैं; अल्लाह से तो कोई भी चीज़ न ज़मीन में छुपी है और न आसमान में।

39. तारीफ़ है उस अल्लाह की जिसने मुझे बुढ़ापे के बावजूद इसमाईल और इसहाक़ दिए; यक़ीनन मेरा रब दुआ ज़रूर सुनता है।

40. मेरे रब, मुझे ऐसा कर कि मैं नमाज़ का एहतिमाम करूं, और मेरी औलाद को भी यह तौफ़ीक़ दे। हमारे रब, और हमारी दुआ क़बूल कर ले।

41. हमारे रब, मुझे और मेरे वालिदैन को और मोमिनीन को उस दिन बख़्श देना जिस दिन हिसाब का मुआमला पेश आएगा"।

42. अब ये ज़ालिम जो कुछ कर रहे हैं उससे अल्लाह को ग़ाफ़िल न समझो; वह तो उन्हें बस उस दिन के लिए टाल रहा है जबकि आंखें फटी की फटी रह जाएंगी,

43. वो अपने सर उठाए भागे चले जा रहे होंगे, उनकी निगाह ख़ुद उनकी अपनी तरफ़ भी न फिरेगी, और उनके

व इज़् क़ा-ल इब्राहीमु रब्बिज्अ़ल् हाज़ल्-ब-ल-द आमिनंव्-वज्नुब्नी व बनिय्-य अन् नअ़्बुदल्-अस्नाम (35)

रब्बि इन्नहुन्-न अज़्लल्-न कसीरम्-मिनन्नासि फ़-मन् तबि-अ़नी फ़-इन्नहू मिन्नी व मन् अ़सानी फ़इन्न-क ग़फ़ूरुर् रहीम (36)

रब्बना इन्नी अस्कन्तु मिन् ज़ुर्रिय्यती बिवादिन् ग़ैरि ज़ी-ज़र्अ़िन् अ़िन्-द बैतिकल्-मुहर्रमि रब्बना लियुक़ीमुस्सला-त फ़ज्अ़ल् अफ़्इ-दतम् मिनन्नासि तह्वी इलैहिम् वर्ज़ुक़्हुम् मिनस्स-मराति लअ़ल्लहुम् यश्कुरून (37)

रब्बना इन्न-क तअ़्लमु मा नुख़्फ़ी व मा नुअ़्लिनु, व मा यख़्फ़ा अ़लल्लाहि मिन् शैइन् फ़िल्अर्ज़ि व ला फ़िस्समा-इ (38)

अल्हम्दु लिल्लाहिल्लज़ी व-ह-ब ली अ़लल्-कि-बरि इस्माअ़ी-ल व इस्हा-क़, इन्-न रब्बी ल-समीअुद्-दुआ़-इ (39)

रब्बिज्अ़ल्नी मुक़ीमस्सलाति व मिन् ज़ुर्रिय्यती रब्बना व तक़ब्बल् दुआ़-इ (40)

रब्बनग़्फ़िर् ली व लिवालिदय्-य व लिल्मुअ़्मिनी-न यौ-म यक़ूमुल्-हिसाब (41) ●

व ला तह्स-बन्नल्ला-ह ग़ाफ़िलन् अ़म्मा यअ़्मलुज़्ज़ालिमू-न, इन्नमा युअख़्ख़िरुहुम् लियौमिन् तश्ख़सु फ़ीहिल्-अब्सार (42)

मुह्तिअ़ी-न मुक़्निअ़ी रूअसिहिम् ला यर्तद्दु इलैहिम् तर्फ़ुहुम् व अफ़्इ-दतुहुम्

وَاِذْ قَالَ اِبْرٰهِيْمُ رَبِّ اجْعَلْ هٰذَا الْبَلَدَ اٰمِنًا وَّاجْنُبْنِيْ وَبَنِيَّ اَنْ نَّعْبُدَ الْاَصْنَامَ ﴿٣٥﴾

رَبِّ اِنَّهُنَّ اَضْلَلْنَ كَثِيْرًا مِّنَ النَّاسِ ۚ فَمَنْ تَبِعَنِيْ فَاِنَّهٗ مِنِّيْ ۚ وَمَنْ عَصَانِيْ فَاِنَّكَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٣٦﴾

رَبَّنَآ اِنِّيْٓ اَسْكَنْتُ مِنْ ذُرِّيَّتِيْ بِوَادٍ غَيْرِ ذِيْ زَرْعٍ عِنْدَ بَيْتِكَ الْمُحَرَّمِ ۙ رَبَّنَا لِيُقِيْمُوا الصَّلٰوةَ فَاجْعَلْ اَفْئِدَةً مِّنَ النَّاسِ تَهْوِيْٓ اِلَيْهِمْ وَارْزُقْهُمْ مِّنَ الثَّمَرٰتِ لَعَلَّهُمْ يَشْكُرُوْنَ ﴿٣٧﴾

رَبَّنَآ اِنَّكَ تَعْلَمُ مَا نُخْفِيْ وَمَا نُعْلِنُ ۗ وَمَا يَخْفٰى عَلَى اللّٰهِ مِنْ شَيْءٍ فِي الْاَرْضِ وَلَا فِي السَّمَآءِ ﴿٣٨﴾

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ وَهَبَ لِيْ عَلَى الْكِبَرِ اِسْمٰعِيْلَ وَاِسْحٰقَ ۗ اِنَّ رَبِّيْ لَسَمِيْعُ الدُّعَآءِ ﴿٣٩﴾

رَبِّ اجْعَلْنِيْ مُقِيْمَ الصَّلٰوةِ وَمِنْ ذُرِّيَّتِيْ ۖ رَبَّنَا وَتَقَبَّلْ دُعَآءِ ﴿٤٠﴾

رَبَّنَا اغْفِرْ لِيْ وَلِوَالِدَيَّ وَلِلْمُؤْمِنِيْنَ يَوْمَ يَقُوْمُ الْحِسَابُ ﴿٤١﴾ ع ١٨

وَلَا تَحْسَبَنَّ اللّٰهَ غَافِلًا عَمَّا يَعْمَلُ الظّٰلِمُوْنَ ۗ اِنَّمَا يُؤَخِّرُهُمْ لِيَوْمٍ تَشْخَصُ فِيْهِ الْاَبْصَارُ ﴿٤٢﴾

مُهْطِعِيْنَ مُقْنِعِيْ رُءُوْسِهِمْ لَا يَرْتَدُّ اِلَيْهِمْ طَرْفُهُمْ ۚ وَاَفْئِدَتُهُمْ

दिल उड़े जा रहे होंगे।

44. लोगों को उस दिन का ख़ौफ़ दिलाओ जब अज़ाब उन्हें आ लेगा, उस वक़्त ज़ुल्म पेशा लोग कहेंगे कि "हमारे रब, हमें थोड़ी सी मुहलत दे दे, हम तेरी दावत क़बूल करेंगे, और रसूलों की पैरवी इख़्तियार करेंगे"। "क्या तुम इससे पहले क़समें नहीं खाया करते थे कि तुम्हारा तो ज़वाल ही न होगा?

45. तुम उन लोगों की बस्तियों में जिन्होंने ख़ुद अपने साथ ज़ुल्म किया था रह-बस चुके थे, और तुमपर अच्छी तरह वाज़ेह हो चुका था कि हमने उनके साथ कैसा मुआमला किया, और हमने तुम्हारे लिए कितनी ही मिसालें बयान की थीं!'

46. वो अपनी चाल चल चुके हैं, अल्लाह के पास भी उनके लिए चाल मौजूद थी, ख़्वाह उनकी चाल ऐसी ही क्यों न रही हो जिससे पहाड़ भी अपनी जगह से सरक जाए।

47. पस यह न समझना कि अल्लाह अपने रसूलों से किए हुए अपने वादे के ख़िलाफ़ जाएगा; अल्लाह तो ज़बरदस्त है, इंतिक़ाम लेनेवाला है।

48. जिस दिन यह ज़मीन दूसरी ज़मीन से बदल दी जाएगी, और आसमान भी, और वो सब उस अल्लाह के सामने खुलकर आ जाएंगे, जो अकेला है, सब पर ग़ालिब है,

49. और उस दिन तुम मुजरिमों को देखोगे कि ज़ंजीरों में जकड़े हुए हैं,

50. उनके लिबास तारकोल के होंगे, और आग उनके चेहरों पर छा रही होगी,

51. ताकि अल्लाह हर नफ़्स को उस की कमाई का बदला दे; यक़ीनन अल्लाह जल्द हिसाब लेने वाला है।

52. यह लोगों के लिए एक पैग़ाम रसानी है ताकि उन्हें इसके ज़रिए से ख़बरदार कर दिया जाए और ताकि वो जान लें कि वही अकेला माबूद है, और ताकि जो अक़्ल व ख़िरदवाले हैं उन्हें होश आ जाए।

हवा-अ् (43)

व अन्ज़िरिन्ना-स यौ-म यअ्तीहिमुल् अ़ज़ाबु फ़-यक़ूलुल्लज़ी-न ज़-लमू रब्बना अख़्ख़िर्ना इला अ-जलिन् क़रीबिन् नुजिब् दअ्व-त-क व नत्तबिअ़िर्रूसु-ल, अ-व-लम् तकूनू अक़्सम्तुम् मिन् क़ब्लु मा लकुम् मिन् ज़वाल् (44)

व सकन्तुम् फ़ी मसाकिनिल्लज़ी-न ज़-लमू अन्फ़ु-सहुम् व तबय्य-न लकुम् कै-फ़ फ़अ़ल्ना बिहिम् व ज़रब्ना लकुमुल्-अम्साल (45)

व क़द् म-करू मक्रहुम् व अ़िन्दल्लाहि मक्रुहुम्, व इन् का-न मक्रुहुम् लि-तज़ू-ल मिन्हुल्-जिबाल (46)

फ़ला तह्स-बन्नल्ला-ह मुख़्लि-फ़ वअ्दिही रूसु-लहू, इन्नल्ला-ह अ़ज़ीज़ुन् ज़ुन्तिक़ाम (47)

यौ-म तुबद्दलुल्-अर्ज़ु ग़ैरल्-अर्ज़ि वस्समावातु व ब-रज़ू लिल्लाहिल् वाहिदिल्-क़ह्हार (48)

व तरल्मुज्रिमी-न यौ-मइज़िम् मुक़र्रनी-न फ़िल्-अस्फ़ाद (49)

सराबीलुहुम् मिन् क़तिरानिंव्-व तग़्शा वुजू-हहुमुन्नार (50)

लियज्ज़ियल्लाहु कुल्-ल नफ़्सिम् मा-क-सबत्, इन्नल्ला-ह सरीअ़ुल्-हिसाब (51)

हाज़ा बलाग़ुल्-लिन्नासि व लियुन्ज़रू बिही व लि-यअ्लमू अन्नमा हु-व इलाहुंव्वाहिदुंव्-व लि-यज़्ज़क्क-र उलुल्-अल्बाब (52) ●

هَوَآءٌ ㊸

وَاَنْذِرِ النَّاسَ يَوْمَ يَاْتِيْهِمُ الْعَذَابُ
فَيَقُوْلُ الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا رَبَّنَآ اَخِّرْنَآ
اِلٰٓى اَجَلٍ قَرِيْبٍۙ نُّجِبْ دَعْوَتَكَ
وَنَتَّبِعِ الرُّسُلَؕ اَوَلَمْ تَكُوْنُوْٓا اَقْسَمْتُمْ
مِّنْ قَبْلُ مَا لَكُمْ مِّنْ زَوَالٍۙ ㊹
وَّسَكَنْتُمْ فِيْ مَسٰكِنِ الَّذِيْنَ ظَلَمُوْٓا
اَنْفُسَهُمْ وَتَبَيَّنَ لَكُمْ كَيْفَ فَعَلْنَا بِهِمْ
وَضَرَبْنَا لَكُمُ الْاَمْثَالَ ㊺
وَقَدْ مَكَرُوْا مَكْرَهُمْ وَعِنْدَ اللّٰهِ مَكْرُهُمْؕ
وَاِنْ كَانَ مَكْرُهُمْ لِتَزُوْلَ مِنْهُ الْجِبَالُ ㊻
فَلَا تَحْسَبَنَّ اللّٰهَ مُخْلِفَ وَعْدِهٖ رُسُلَهٗؕ
اِنَّ اللّٰهَ عَزِيْزٌ ذُو انْتِقَامٍؕ ㊼
يَوْمَ تُبَدَّلُ الْاَرْضُ غَيْرَ الْاَرْضِ
وَالسَّمٰوٰتُ وَبَرَزُوْا لِلّٰهِ الْوَاحِدِ الْقَهَّارِ ㊽
وَتَرَى الْمُجْرِمِيْنَ يَوْمَئِذٍ مُّقَرَّنِيْنَ
فِي الْاَصْفَادِۚ ㊾
سَرَابِيْلُهُمْ مِّنْ قَطِرَانٍ وَّتَغْشٰى وُجُوْهَهُمُ النَّارُۙ ㊿
لِيَجْزِيَ اللّٰهُ كُلَّ نَفْسٍ مَّا كَسَبَتْؕ
اِنَّ اللّٰهَ سَرِيْعُ الْحِسَابِ (51)
هٰذَا بَلٰغٌ لِّلنَّاسِ وَلِيُنْذَرُوْا بِهٖ وَلِيَعْلَمُوْٓا
ع اَنَّمَا هُوَ اِلٰهٌ وَّاحِدٌ وَّلِيَذَّكَّرَ اُولُوا الْاَلْبَابِ (52)

सूरह अल-हिज्र मक्की

(आयतें 99, रुकूआत 6)

खुदा-ए-रहमान व रहीम के नाम से

1. अलिफ़-लाम-रा। यह किताब यानी वाज़ेह क़ुरआन की आयतें हैं।

2. ऐसे बहुत वक़्त आएंगे जब कुफ़्र इख़्तियार करने वाले लोग आरज़ू करेंगे कि काश वो मुस्लिम होते;

3. छोड़ो उन्हें खाएं, और मज़े उड़ाएं, और लम्बी उम्मीद उन्हें भुलावे में डाले रखे; उन्हें जल्द ही मालूम हो जाएगा।

4. हमने जिस बस्ती को भी हलाक किया है, उसके लिए एक मुअय्यन नविश्ता रहा है।

5. कोई उम्मत न अपने मुक़र्रर वक़्त से आगे बढ़ सकती है, और न वो पीछे रह सकती हैं।

6. वो कहते हैं, "ऐ वह शख़्स जिसपर याददिहानी नाज़िल हुई है, तुम यक़ीनन दिवाने हो!

7. अगर तुम सच्चे हो, तो हमारे सामने फ़रिश्तों को क्यों नहीं ले आते?"

8. फ़रिश्तों को तो हम सिर्फ़ मक़सदे हक़ ही के लिए उतारते हैं, और उस वक़्त उन्हें मुहलत न मिलने की।

9. यह याददिहानी हमने नाज़िल की है, और हम ख़ुद उसके निगहबान हैं।

10. और तुमसे पहले अगले गिरोहों में भी हम रसूल भेज चुके हैं,

11. कोई भी रसूल उनके पास ऐसा नहीं आया जिसका उन्होंने मज़ाक़ न उड़ाया हो;

12. इसी तरह हम मुजरिमों के दिलों में उसे उतारते हैं।

13. वो उसे मानने के नही, अगलों की सुन्नत गुज़र चुकी है।

14. अगर हम उनपर आसमान का कोई दरवाज़ा खोल दें, और वो

---

15 सूरतुल्–हिज्रि

(मक्की) इस सूराः में अ़रबी के 2907 अक्षर, 663 शब्द, 99 आयतें और 6 रुकू हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

अलिफ़्-लाम्-रा,। तिल्-क आयातुल्-किताबि व क़ुर्‌आनिम्-मुबीन (1)

रु-बमा यवद्दुल्लज़ी-न क-फ़रू लौ कानू मुस्लिमीन (2)

ज़रहुम् यअ्कुलू व य-यमत्तअू व युल्हिहिमुल्-अ-मलु फ़सौ-फ़ यअ्लमून (3)

व मा अह्लक्ना मिन् क़र्‌यतिन् इल्ला व लहा किताबुम्-मअ्लूम (4)

मा तस्बिक़ु मिन् उम्मतिन् अ-ज-लहा व मा यस्तअ्ख़िरून (5)

व क़ालू या अय्युहल्लज़ी नुज़्ज़ि-ल अ़लैहिज़्ज़िक्रु इन्न-क ल-मज्नून (6)

लौ मा तअ्तीना बिल्मलाइ-कति इन् कुन्-त मिनस्सादिक़ीन (7)

मा नुनज़्ज़िलुल्-मलाइ-क-त इल्ला बिल्हक़्क़ि व मा कानू इज़म्-मुन्ज़रीन (8)

इन्ना नह्नु नज़्ज़ल्-नज़्ज़िक्-र व इन्ना लहू लहाफ़िज़ून (9)

व ल-क़द् अर्सल्ना मिन् क़ब्लि-क फ़ी शि-यअ़िल्-अव्वलीन (10)

व मा यअ्तीहिम् मिर्रसूलिन् इल्ला कानू बिही यस्तह्ज़िऊन (11)

कज़ालि-क नस्लुकुहू फ़ी क़ुलूबिल्-मुज्रिमीन (12)

ला युअ्मिनू-न बिही व क़द् ख़लत् सुन्नतुल्-अव्वलीन (13)

व लौ फ़तह्ना अ़लैहिम् बाबम्-मिनस्समा-इ

سُوْرَةُ الْحِجْرِ مَكِّيَّةٌ اٰيَاتُهَا ٩٩ رُكُوْعَاتُهَا ٦

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝

الٓرٰ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ وَقُرْاٰنٍ مُّبِيْنٍ ۝١
رُبَمَا يَوَدُّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَوْ كَانُوْا
مُسْلِمِيْنَ ۝٢
ذَرْهُمْ يَاْكُلُوْا وَيَتَمَتَّعُوْا وَيُلْهِهِمُ
الْاَمَلُ فَسَوْفَ يَعْلَمُوْنَ ۝٣
وَمَاۤ اَهْلَكْنَا مِنْ قَرْيَةٍ اِلَّا وَلَهَا
كِتَابٌ مَّعْلُوْمٌ ۝٤
مَا تَسْبِقُ مِنْ اُمَّةٍ اَجَلَهَا وَمَا
يَسْتَاْخِرُوْنَ ۝٥
وَقَالُوْا يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْ نُزِّلَ عَلَيْهِ الذِّكْرُ
اِنَّكَ لَمَجْنُوْنٌ ۝٦
لَوْ مَا تَاْتِيْنَا بِالْمَلٰٓئِكَةِ اِنْ كُنْتَ
مِنَ الصّٰدِقِيْنَ ۝٧
مَا نُنَزِّلُ الْمَلٰٓئِكَةَ اِلَّا بِالْحَقِّ وَمَا
كَانُوْۤا اِذًا مُّنْظَرِيْنَ ۝٨
اِنَّا نَحْنُ نَزَّلْنَا الذِّكْرَ وَاِنَّا لَهٗ
لَحٰفِظُوْنَ ۝٩
وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا مِنْ قَبْلِكَ فِيْ شِيَعِ
الْاَوَّلِيْنَ ۝١٠
وَمَا يَاْتِيْهِمْ مِّنْ رَّسُوْلٍ اِلَّا كَانُوْا بِهٖ
يَسْتَهْزِءُوْنَ ۝١١
كَذٰلِكَ نَسْلُكُهٗ فِيْ قُلُوْبِ الْمُجْرِمِيْنَ ۝١٢
لَا يُؤْمِنُوْنَ بِهٖ وَقَدْ خَلَتْ سُنَّةُ
الْاَوَّلِيْنَ ۝١٣
وَلَوْ فَتَحْنَا عَلَيْهِمْ بَابًا مِّنَ السَّمَآءِ

दिन दहाड़े उसमें चढ़ने भी लगें,

15. फिर भी वो यही कहेंगे कि "हमारी आंखों में ख़ुमार है; बल्कि हम लोगों पर जादू कर दिया गया है!"

16. हमने आसमान में बुर्ज बनाए और देखनेवालों के लिए उसे सजाया,

17. और हर शैतान मरदूद से उसे महफ़ूज़ रखा —

18. यह और बात है कि किसी ने चोरी-छुपे कुछ सुनगुन ले लिया तो एक साफ़ शोले ने झपटकर उसे अपने पीछे कर लिया।

19. और ज़मीन को हमने फैलाया, और उसमें अटल पहाड़ डाल दिए, और उसमें हर चीज़ नपे-तुले अन्दाज़ से उगाई।

20. और उसमें तुम्हारे लिए ज़िन्दगी के सारे सामान मुहय्या किए, और वो मख़लूक़ भी, जिन्हें रिज़्क़ अता करने वाले तुम नहीं हो।

21. कोई भी चीज़ ऐसी नहीं है जिसके ख़ज़ाने हमारे पास न हों, फिर भी हम उसे एक मालूम व मुक़र्रर अन्दाज़े के साथ उतारते हैं।

22. हम ही हवाओं को बार आवर बनाकर भेजते हैं, फिर आसमान से पानी उतारते हैं, और उससे तुम्हें सैराब करते हैं, उसके ख़ज़ानादार तुम नहीं हो।

23. हम ही ज़िन्दगी और मौत देते हैं, और हम ही वारिस रह जाते हैं।

24. हम तुम्हारे अगलों को भी जानते हैं, और बाद के आने वाले भी हमारे इल्म में हैं,

25. तुम्हारा रब ही है जो उन्हें इकट्ठा करेगा, बेशक वह हिकमत वाला, सब कुछ जानने वाला है।

26. हमने इंसान को सड़े हुए सूखे गारे की मिट्टी से बनाया है,

27. और उससे पहले हम जिन्नों को लू की लपट से पैदा कर चुके थे।

फ़ज़ल्लू फ़ीहि यअ्रुजून (14)

लक़ालू इन्नमा सुक्किरत् अब्सारुना बल् नह्नु क़ौमुम्-मस्हूरून (15) ●

व ल-क़द् जअ़ल्ना फ़िस्समा-इ बुरूजंव्-व ज़य्यन्नाहा लिन्नाज़िरीन (16)

व हफ़िज़्नाहा मिन् कुल्लि शैतानिर्रजीम (17)

इल्ला मनिस्त-रक़स्सम्-अ फ़अत्ब-अहू शिहाबुम्-मुबीन (18)

वल्अर्-ज़ मदद्नाहा व अल्क़ैना फ़ीहा रवासि-य व अम्बत्ना फ़ीहा मिन् कुल्लि शैइम्-मौज़ून (19)

व जअ़ल्ना लकुम् फ़ीहा मआयि-श व मल्लस्तुम् लहू बिराज़िक़ीन (20)

व इम्मिन् शैइन् इल्ला अ़िन्दना ख़ज़ाइनुहू व मा नुनज़्ज़िलुहू इल्ला बि-क़-दरिम्-मअ्लूम (21)

व अर्सल्नर्रिया-ह लवाक़ि-ह फ़-अन्ज़ल्ना मिनस्समा-इ माअन् फ़-अस्क़ैनाकुमूहु व मा अन्तुम् लहू बिख़ाज़िनीन (22)

व इन्ना ल-नह्नु नुह्यी व नुमीतु व नह्नुल्-वारिसून (23)

व ल-क़द् अ़लिम्नल्-मुस्तक़्दिमी-न मिन्कुम् व ल-क़द् अ़लिम्नल्-मुस्तअ्ख़िरीन (24)

व इन्-न रब्ब-क हु-व यह्शुरुहुम्, इन्नहू हकीमुन् अ़लीम (25) ●

व ल-क़द् ख़लक़्नल्-इन्सा-न मिन् सल्सालिम् मिन् ह-मइम्-मस्नून .(26)

वल्जान्-न ख़लक़्नाहु मिन् क़ब्लु मिन्-नारिस्समूम (27)

فَظَلُّوْا فِيْهِ يَعْرُجُوْنَ ۝١٤
لَقَالُوْٓا اِنَّمَا سُكِّرَتْ اَبْصَارُنَا بَلْ
ع نَحْنُ قَوْمٌ مَّسْحُوْرُوْنَ ۝١٥
وَلَقَدْ جَعَلْنَا فِي السَّمَآءِ بُرُوْجًا
وَّزَيَّنّٰهَا لِلنّٰظِرِيْنَ ۝١٦
وَحَفِظْنٰهَا مِنْ كُلِّ شَيْطٰنٍ رَّجِيْمٍ ۝١٧
اِلَّا مَنِ اسْتَرَقَ السَّمْعَ فَاَتْبَعَهٗ شِهَابٌ
مُّبِيْنٌ ۝١٨
وَالْاَرْضَ مَدَدْنٰهَا وَاَلْقَيْنَا فِيْهَا
رَوَاسِيَ وَاَنْۢبَتْنَا فِيْهَا مِنْ كُلِّ شَيْءٍ
مَّوْزُوْنٍ ۝١٩
وَجَعَلْنَا لَكُمْ فِيْهَا مَعَايِشَ وَمَنْ لَّسْتُمْ
لَهٗ بِرٰزِقِيْنَ ۝٢٠
وَاِنْ مِّنْ شَيْءٍ اِلَّا عِنْدَنَا خَزَآئِنُهٗ
وَمَا نُنَزِّلُهٗٓ اِلَّا بِقَدَرٍ مَّعْلُوْمٍ ۝٢١
وَاَرْسَلْنَا الرِّيٰحَ لَوَاقِحَ فَاَنْزَلْنَا مِنَ
السَّمَآءِ مَآءً فَاَسْقَيْنٰكُمُوْهُ ۚ وَمَآ اَنْتُمْ
لَهٗ بِخٰزِنِيْنَ ۝٢٢
وَاِنَّا لَنَحْنُ نُحْيٖ وَنُمِيْتُ وَنَحْنُ الْوٰرِثُوْنَ ۝٢٣
وَلَقَدْ عَلِمْنَا الْمُسْتَقْدِمِيْنَ مِنْكُمْ
وَلَقَدْ عَلِمْنَا الْمُسْتَاْخِرِيْنَ ۝٢٤
وَاِنَّ رَبَّكَ هُوَ يَحْشُرُهُمْ ۭ اِنَّهٗ حَكِيْمٌ
ع عَلِيْمٌ ۝٢٥
وَلَقَدْ خَلَقْنَا الْاِنْسَانَ مِنْ صَلْصَالٍ
مِّنْ حَمَاٍ مَّسْنُوْنٍ ۝٢٦
وَالْجَآنَّ خَلَقْنٰهُ مِنْ قَبْلُ مِنْ نَّارِ
السَّمُوْمِ ۝٢٧

28. याद करो जबकि तुम्हारे रब ने फ़रिश्तों से कहा कि "मैं सड़े हुए गारे की खनखनाती हुई मिट्टी से एक इन्सान पैदा करने वाला हूं।

29. तो जब मैं उसे पूरा बना चुकूं और उसमें अपनी रूह फूंक दूं, तो तुम उसके आगे सजदे में गिर जाना!"

30. चुनांचे सबके सब फ़रिश्तों ने सजदा किया।

31. सिवाय इबलीस के; उसने इससे इनकार किया कि सजदा करनेवालों में शामिल हो।

32. कहा, "ऐ इबलीस, तुझे क्या हुआ है कि तू सजदा करनेवालों में शामिल न हुआ?"

33. उसने कहा, "मैं ऐसा नहीं हूं कि इन्सान को सजदा करूं जिसको तूने सड़े हुए गारे की खनखनाती हुई मिट्टी से बनाया"।

34. कहा, "अच्छा तू निकल यहां से; क्योंकि तू मरदूद है।

35. यक़ीनन तुझपर रोज़-ए-जज़ा तक लानत है"।

36. उसने कहा, "मेरे रब, फिर तू मुझे उस दिन तक के लिए मुहलत दे जबकि सब उठाए जाएंगे"।

37. कहा, "अच्छा तुझे मुहलत है।"

38. उस दिन तक के लिए जिसका वक़्त मालूम व मुतअय्यन है"।

39. उसने कहा, "मेरे रब, चूंकि तूने मुझे रास्ते से अलग कर दिया है, इसलिए मैं भी ज़मीन में उनके लिए खुशनुमाइयां पैदा करूंगा, और उन सब को बहका कर रहूंगा,

40. सिवाय उनके जो उनमें तेरे ख़ालिस बन्दे होंगे"।

41. कहा, "मुझ तक पहुंचने का यही सीधा रास्ता है।

42. मेरे बन्दों पर तो तेरा ज़ोर चलने का नहीं, सिवाय उन बहके हुए लोगों के जो तेरे पीछे हो लें;

43. यक़ीनन जहन्नम ही का ऐसे तमाम लोगों से वादा है।

44. उसके सात दरवाज़े हैं, हर दरवाज़े के लिए उनमें एक हिस्सा बटा हुआ होगा"।

45. यक़ीनन डर रखनेवाले बाग़ों और चश्मों में होंगे:

व इज़् क़ा-ल रब्बु-क लिल्मलाइ-कति इन्नी ख़ालिकुम् ब-शरम्-मिन् सल्सालिम् मिन् ह-मइम्-मस्नून (28)

फ़-इज़ा सव्वैतुहू व नफ़ख़्तु फ़ीहि मिर्रूही फ़-क़अू लहू साजिदीन (29)

फ़-स-जदल्-मलाइ-कतु कुल्लुहुम् अज्मअून (30)

इल्ला इब्ली-स, अबा अंय्यकू-न मअ़स्साजिदीन (31)

क़ा-ल या इब्लीसु मा-ल-क अल्ला तकू-न मअ़स्साजिदीन (32)

क़ा-ल लम् अकुल्-लिअस्जु-द लि-ब-शरिन् ख़ालक़्तहू मिन् सल्सालिम्-मिन् ह-मइम्-मस्नून (33)

क़ा-ल फ़ख़्रुज् मिन्हा फ़-इन्न-क रजीम (34)

व इन्-न अ़लैकल्लअ्-न-त इला यौमिद्दीन (35)

क़ा-ल रब्बि फ़-अन्ज़िर्नी इला यौमि युब्अ़सून (36)

क़ा-ल फ़-इन्न-क मिनल्-मुन्ज़रीन (37)

इला यौमिल् वक़्तिल्-मअ़्लूम (38)

क़ा-ल रब्बि बिमा अग्वैतनी ल-उज़य्यिनन्-न लहुम् फ़िल्अर्ज़ि व ल-उग्वियन्नहुम् अज्मअ़ीन (39)

इल्ला अ़िबाद-क मिन्हुमुल्-मुख़्लसीन (40)

क़ा-ल हाज़ा सिरातुन् अ़लय्-य मुस्तक़ीम (41)

इन्-न अ़िबादी लै-स ल-क अ़लैहिम् सुल्तानुन् इल्ला मनित्त-ब-अ़-क मिनल्-ग़ावीन (42)

व इन्-न जहन्न-म लमौअ़िदुहुम् अज्मअ़ीन (43)

लहा सब्-अ़तु अब्वाबिन्, लिकुल्लि बाबिम् मिन्हुम् जुज़्उम्-मक़्सूम (44)●

इन्नल् मुत्तक़ी-न फ़ी जन्नातिंव्-व अ़ुयून (45)

وَإِذْ قَالَ رَبُّكَ لِلْمَلٰٓئِكَةِ إِنِّي خَالِقٌۢ
بَشَرًا مِّنْ صَلْصَالٍ مِّنْ حَمَإٍ مَّسْنُونٍ ٢٨
فَإِذَا سَوَّيْتُهُ وَنَفَخْتُ فِيهِ مِن رُّوحِي
فَقَعُوا لَهُ سٰجِدِينَ ٢٩
فَسَجَدَ الْمَلٰٓئِكَةُ كُلُّهُمْ أَجْمَعُونَ ٣٠
إِلَّآ إِبْلِيسَ ۖ أَبَىٰٓ أَن يَكُونَ مَعَ
السّٰجِدِينَ ٣١
قَالَ يٰٓإِبْلِيسُ مَا لَكَ أَلَّا تَكُونَ مَعَ
السّٰجِدِينَ ٣٢
قَالَ لَمْ أَكُن لِّأَسْجُدَ لِبَشَرٍ خَلَقْتَهُ مِن
صَلْصَالٍ مِّنْ حَمَإٍ مَّسْنُونٍ ٣٣
قَالَ فَاخْرُجْ مِنْهَا فَإِنَّكَ رَجِيمٌ ٣٤
وَإِنَّ عَلَيْكَ اللَّعْنَةَ إِلَىٰ يَوْمِ
الدِّينِ ٣٥
قَالَ رَبِّ فَأَنظِرْنِيٓ إِلَىٰ يَوْمِ يُبْعَثُونَ ٣٦
قَالَ فَإِنَّكَ مِنَ الْمُنظَرِينَ ٣٧
إِلَىٰ يَوْمِ الْوَقْتِ الْمَعْلُومِ ٣٨
قَالَ رَبِّ بِمَآ أَغْوَيْتَنِي لَأُزَيِّنَنَّ لَهُمْ
فِي الْأَرْضِ وَلَأُغْوِيَنَّهُمْ أَجْمَعِينَ ٣٩
إِلَّا عِبَادَكَ مِنْهُمُ الْمُخْلَصِينَ ٤٠
قَالَ هٰذَا صِرَاطٌ عَلَيَّ مُسْتَقِيمٌ ٤١
إِنَّ عِبَادِي لَيْسَ لَكَ عَلَيْهِمْ سُلْطٰنٌ
إِلَّا مَنِ اتَّبَعَكَ مِنَ الْغَاوِينَ ٤٢
وَإِنَّ جَهَنَّمَ لَمَوْعِدُهُمْ أَجْمَعِينَ ٤٣
لَهَا سَبْعَةُ أَبْوَابٍ ۖ لِّكُلِّ بَابٍ مِّنْهُمْ
ع جُزْءٌ مَّقْسُومٌ ٤٤
إِنَّ الْمُتَّقِينَ فِي جَنّٰتٍ وَعُيُونٍ ٤٥

46. "दाख़िल हो जाओ उसमें, बेख़ौफ़ होकर सलामती के साथ!"

47. उनके सीनों में जो कदूरत होगी उसे हम निकाल देंगे; वो भाई-भाई होकर आमने-सामने तख़्तों पर होंगे;

48. उन्हें वहां न कोई तकान और तकलीफ़ पहुंचेगी, और न वो वहां से कभी निकाले ही जाएंगे।

49. मेरे बन्दों को ख़बर दे दो कि मैं बहुत बख़्शने वाला, निहायत रहमवाला हूं,

50. और यह कि मेरा अज़ाब भी निहायत दर्दनाक अज़ाब है।

51. और उन्हें इबराहीम के मेहमानों का हाल सुनाओ,

52. जब वो उसके पास आए, और उन्होंने सलाम किया, तो उसने कहा, "हमें तो तुमसे डर लग रहा है"।

53. वो बोले, "डरो नहीं; हम तुम्हें एक ज़ी इल्म लड़के की ख़ुशख़बरी देते हैं"।

54. उसने कहा, "क्या तुम मुझे ख़ुशख़बरी दे रहे हो, इसके बावजूद कि मुझ पर बुढ़ापा आ गया है? तो अब मुझे किस बात की ख़ुशख़बरी दे रहे हो?"

55. उन्होंने कहा, "हम तुम्हें बरहक़ बशारत दे रहे हैं तो तुम मायूस न हो"।

56. उसने कहा, "अपने रब की रहमत से गुमराहों के सिवा और कौन मायूस होगा?"

57. उसने कहा, "ऐ फ़िरस्तादो, किस मुहिम पर तुम आए हो?"

58. वो बोले, "हम एक मुजरिम क़ौम की तरफ़ भेजे गए हैं,

59. सिवाय लूत के घरवालों के, उन सब को तो हम बचा लेंगे,

60. सिवाय उसकी बीवी के - हमने मुक़द्दर कर दिया है, वह तो पीछे रह जाने वालों में रहेगी"।

61. फिर जब ये फ़िरिस्तादे लूत के यहां आए,

62. तो उसने कहा, "तुम तो अजनबी लोग हो"।

63. उन्होंने कहा, "नहीं, बल्कि हम तो तुम्हारे पास वही लेकर आए हैं जिसके बारे में वो शक कर रहे थे।

64. हम तुम्हारे पास यक़ीनी फ़ैसला लेकर आए हैं, और हम बिल्कुल सच कह रहे हैं।

65. लिहाज़ा अब तुम अपने घरवालों को लेकर रात के किसी हिस्से

उद्ख़ुलूहा बि-सलामिन् आमिनीन (46)

व नज़अ्ना मा फ़ी सुदूरिहिम् मिन् ग़िल्लिन् इख़्वानन् अ़ला सुरुरिम् मु-तक़ाबिलीन (47)

ला यमस्सुहुम् फ़ीहा न-सबुंव्-व मा हुम् मिन्हा बिमुख़्रजीन (48)

नब्बिअ् अ़िबादी अन्नी अनल् ग़फ़ूरुर्रहीम (49)

व अन्-न अ़ज़ाबी हुवल् अ़ज़ाबुल् अलीम (50)

व नब्बिअ्हुम् अ़न् ज़ैफ़ि इब्राहीम● (51)

इज़् द-ख़लू अ़लैहि फ़क़ालू सलामन्, क़ा-ल इन्ना मिन्कुम् वजिलून (52)

क़ालू ला तौजल् इन्ना नुबश्शिरु-क बिग़ुलामिन् अ़लीम (53)

क़ा-ल अ-बश्शर्तुमूनी अ़ला अम्मस्सनियल्-कि-बरु फ़बि-म तुबश्शिरून (54)

क़ालू बश्शर्ना-क बिल्हक़्क़ि फ़ला तकुम् मिनल् क़ानितीन (55)

क़ा-ल व मंय्यक़्नतु मिर्रह्मति रब्बिही इल्लज़्ज़ाल्लून (56)

क़ा-ल फ़मा ख़त्बुकुम् अय्युहल्-मुर्सलून (57)

क़ालू इन्ना उर्सिल्ना इला क़ौमिम्-मुज्रिमीन (58)

इल्ला आ-ल लूतिन्, इन्ना लमुनज्जूहुम् अज्मअ़ीन (59)

इल्लम्-र-अ-तहू क़द्दर्ना इन्नहा लमिनल्-ग़ाबिरीन (60) ●

फ़-लम्मा जा-अ आ-ल लूति-निल्मुर्सलून (61)

क़ा-ल इन्नकुम् क़ौमुम्-मुन्करून (62)

क़ालू बल् जिअ्ना-क बिमा कानू फ़ीहि यम्तरून (63)

व अतैना-क बिल्हक़्क़ि व इन्ना लसादिक़ून (64)

फ़-अस्रि बिअह्लि-क बिक़ित्अ़िम् मिनल्लैलि वत्तबिअ्

اُدْخُلُوْهَا بِسَلٰمٍ اٰمِنِيْنَ ۝٤٦

وَنَزَعْنَا مَا فِيْ صُدُوْرِهِمْ مِّنْ غِلٍّ اِخْوَانًا عَلٰى سُرُرٍ مُّتَقٰبِلِيْنَ ۝٤٧

لَا يَمَسُّهُمْ فِيْهَا نَصَبٌ وَّمَا هُمْ مِّنْهَا بِمُخْرَجِيْنَ ۝٤٨

نَبِّئْ عِبَادِيْٓ اَنِّيْٓ اَنَا الْغَفُوْرُ الرَّحِيْمُ ۝٤٩

وَاَنَّ عَذَابِيْ هُوَ الْعَذَابُ الْاَلِيْمُ ۝٥٠

وَنَبِّئْهُمْ عَنْ ضَيْفِ اِبْرٰهِيْمَ ۝٥١

اِذْ دَخَلُوْا عَلَيْهِ فَقَالُوْا سَلٰمًا ۭ قَالَ اِنَّا مِنْكُمْ وَجِلُوْنَ ۝٥٢

قَالُوْا لَا تَوْجَلْ اِنَّا نُبَشِّرُكَ بِغُلٰمٍ عَلِيْمٍ ۝٥٣

قَالَ اَبَشَّرْتُمُوْنِيْ عَلٰٓي اَنْ مَّسَّنِيَ الْكِبَرُ فَبِمَ تُبَشِّرُوْنَ ۝٥٤

قَالُوْا بَشَّرْنٰكَ بِالْحَقِّ فَلَا تَكُنْ مِّنَ الْقٰنِطِيْنَ ۝٥٥

قَالَ وَمَنْ يَّقْنَطُ مِنْ رَّحْمَةِ رَبِّهٖٓ اِلَّا الضَّاۗلُّوْنَ ۝٥٦

قَالَ فَمَا خَطْبُكُمْ اَيُّهَا الْمُرْسَلُوْنَ ۝٥٧

قَالُوْٓا اِنَّآ اُرْسِلْنَآ اِلٰى قَوْمٍ مُّجْرِمِيْنَ ۝٥٨

اِلَّآ اٰلَ لُوْطٍ ۭ اِنَّا لَمُنَجُّوْهُمْ اَجْمَعِيْنَ ۝٥٩

اِلَّا امْرَاَتَهٗ قَدَّرْنَآ ۙ اِنَّهَا لَمِنَ الْغٰبِرِيْنَ ۝٦٠

فَلَمَّا جَاۗءَ اٰلَ لُوْطِ ۨ الْمُرْسَلُوْنَ ۝٦١

قَالَ اِنَّكُمْ قَوْمٌ مُّنْكَرُوْنَ ۝٦٢

قَالُوْا بَلْ جِئْنٰكَ بِمَا كَانُوْا فِيْهِ يَمْتَرُوْنَ ۝٦٣

وَاَتَيْنٰكَ بِالْحَقِّ وَاِنَّا لَصٰدِقُوْنَ ۝٦٤

فَاَسْرِ بِاَهْلِكَ بِقِطْعٍ مِّنَ الَّيْلِ وَاتَّبِعْ

में निकल जाओ, और खुद उन सब के पीछे-पीछे चलो, तुम में से कोई भी पीछे मुड़ कर न देखे; बस चले जाओ जिधर का तुम्हें हुक्म है"।

66. हमने उसे अपना यह फ़ैसला पहुंचा दिया कि सुबह होते-होते उनकी जड़ कट चुकी होगी।

67. इतने में शहर वाले खुश-खुश आ पहुंचे।

68. उसने कहा, "ये मेरे मेहमान हैं; तो मेरी फ़जीहत मत करना।

69. अल्लाह का डर रखो, और मुझे रुसवा न करो"।

70. उन्होंने कहा, "क्या हमने तुम्हें दुनिया भर की हिमायत से रोका नहीं था?"

71. उसने कहा, "तुमको अगर कुछ करना है तो ये मेरी (क़ौम की) बेटियां (शादी के लिए) मौजूद हैं"।

72. तुम्हारी ज़िन्दगी की क़सम, वो अपनी सरमस्ती में मदहोश व सरगरदां थे।

73. आख़िरकार पौ फटते-फटते एक हौलनाक आवाज़ ने उन्हें आ लिया,

74. और हम ने उस बस्ती को तलपट कर दिया और उन पर कंकरीले पत्थर बरसाए।

75. यक़ीनन इसमें अहल-ए-फ़िरासत के लिए निशानियां हैं।

76. और वो शाहराह-ए-आम पर हैं।

77. इसमें यक़ीनन मोमिनीन के लिए एक बड़ी निशानी है।

78. यक़ीनन ऐका वाले भी ज़ालिम थे,

79. फिर हमने उनसे भी इंतिक़ाम लिया। और ये दोनों इलाक़े खुली शाहराह पर वाक़े हैं।

80. हिज्र वाले भी रसूलों को झुटला चुके हैं।

81. हमने तो उन्हें अपनी निशानियां अता की थीं, लेकिन वो उनको नज़रअन्दाज़ ही करते रहे।

82. वो बड़े अमन और चैन के साथ पहाड़ों को तराश-तराश कर घर बनाते थे;

83. आख़िर एक ज़बरदस्त आवाज़ ने सुबह होते-होते उन्हें आ लिया;

84. आख़िरकार जो कुछ वो कमाते रहे थे वह उनके कुछ काम न आ सका।

85. हमने तो आसमानों और ज़मीन को, और जो कुछ उनके दरमियान है हक़ के साथ ही पैदा किया है। और वह क़ियामत की घड़ी तो लाज़िमन आनेवाली है; पस तुम खूबतर दरगुज़र से काम लो।

86. यक़ीनन तुम्हारा रब ही बड़ा पैदा करने वाला, सब कुछ जानने वाला है।

अद्बारहुम् व ला यल्तफ़ित् मिन्कुम् अ-हदुंव्वम्ज़ू हैसु तुअ्मरून (65)
व क़ज़ैना इलैहि ज़ालिकल्-अम्-र अन्-न दाबि-र हाउला-इ मक़्तूअुम्-मुस्बिहीन (66)
व जा-अ अह्लुल्-मदीनति यस्तब्शिरून (67)
का-ल इन्-न हाउला-इ ज़ैफ़ी फ़ला तफ़्ज़हून (68)
वत्तक़ुल्ला-ह व ला तुख़्ज़ून (69)
क़ालू अ-व लम् नन्ह-क अ़निल्-आ़लमीन (70)
क़ा-ल हाउला-इ बनाती इन् कुन्तुम् फ़ाअ़िलीन (71)
ल-अ़म्रु-क इन्नहुम् लफ़ी सक्रतिहिम् यअ्महून (72)
फ़-अ-ख़ज़त्हुमुस्सैहतु मुश्रिक़ीन (73)
फ़-जअ़ल्ना आ़लि-यहा साफ़ि-लहा व अम्तर्ना अ़लैहिम् हिजा-रतम् मिन् सिज्जील (74)
इन्-न फ़ी-ज़ालि-क लआयातिल् लिल्-मु-तवस्सिमीन (75)
व इन्नहा लबि-सबीलिम् मुक़ीम (76)
इन्-न फ़ी ज़ालि-क लआ-यतल् लिल्मुअ्मिनीन (77)
व इन् का-न अस्हाबुल्-ऐ-कति लज़ालिमीन (78)
फ़न्त-क़म्ना मिन्हुम् व इन्नहुमा लबि-इमामिम्-मुबीन (79)
व ल-क़द् कज़्ज़-ब अस्हाबुल् हिज्रिल्-मुर्सलीन (80)
व आतैनाहुम् आयातिना फ़कानू अ़न्हा मुअ्रिज़ीन (81)
व कानू यन्हितू-न मिनल्-जिबालि बुयूतन् आमिनीन (82)
फ़-अ-ख़ज़त्हुमुस्सैहतु मुस्बिहीन (83)
फ़मा अग़्ना अ़न्हुम् मा कानू यक्सिबून (84)
व मा ख़लक़्नस्समावाति वल्अर्-ज़ व मा बैनहुमा इल्ला बिल्हक़्क़ि, व इन्नस्सा-अ़-त लआति-यतुन् फ़स्फ़हिस्सफ़्हल्-जमील (85)
इन्-न रब्ब-क हुवल् ख़ल्लाक़ुल्-अ़लीम (86)

اَدْبَارَهُمْ وَلَا يَلْتَفِتْ مِنْكُمْ اَحَدٌ
وَّ امْضُوْا حَيْثُ تُؤْمَرُوْنَ ۝۶۵
وَقَضَيْنَآ اِلَيْهِ ذٰلِكَ الْاَمْرَ اَنَّ دَابِرَ
هٰٓؤُلَآءِ مَقْطُوْعٌ مُّصْبِحِيْنَ ۝۶۶
وَجَآءَ اَهْلُ الْمَدِيْنَةِ يَسْتَبْشِرُوْنَ ۝۶۷
قَالَ اِنَّ هٰٓؤُلَآءِ ضَيْفِيْ فَلَا تَفْضَحُوْنِ ۝۶۸
وَاتَّقُوا اللّٰهَ وَلَا تُخْزُوْنِ ۝۶۹
قَالُوْٓا اَوَلَمْ نَنْهَكَ عَنِ الْعٰلَمِيْنَ ۝۷۰
قَالَ هٰٓؤُلَآءِ بَنٰتِيْٓ اِنْ كُنْتُمْ فٰعِلِيْنَ ۝۷۱
لَعَمْرُكَ اِنَّهُمْ لَفِيْ سَكْرَتِهِمْ يَعْمَهُوْنَ ۝۷۲
فَاَخَذَتْهُمُ الصَّيْحَةُ مُشْرِقِيْنَ ۝۷۳
فَجَعَلْنَا عَالِيَهَا سَافِلَهَا وَاَمْطَرْنَا
عَلَيْهِمْ حِجَارَةً مِّنْ سِجِّيْلٍ ۝۷۴
اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّلْمُتَوَسِّمِيْنَ ۝۷۵
وَاِنَّهَا لَبِسَبِيْلٍ مُّقِيْمٍ ۝۷۶
اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً لِّلْمُؤْمِنِيْنَ ۝۷۷
وَاِنْ كَانَ اَصْحٰبُ الْاَيْكَةِ لَظٰلِمِيْنَ ۝۷۸
فَانْتَقَمْنَا مِنْهُمْ ۘ وَاِنَّهُمَا لَبِاِمَامٍ مُّبِيْنٍ ۝۷۹
وَلَقَدْ كَذَّبَ اَصْحٰبُ الْحِجْرِ الْمُرْسَلِيْنَ ۝۸۰
وَاٰتَيْنٰهُمْ اٰيٰتِنَا فَكَانُوْا عَنْهَا مُعْرِضِيْنَ ۝۸۱
وَكَانُوْا يَنْحِتُوْنَ مِنَ الْجِبَالِ بُيُوْتًا اٰمِنِيْنَ ۝۸۲
فَاَخَذَتْهُمُ الصَّيْحَةُ مُصْبِحِيْنَ ۝۸۳
فَمَآ اَغْنٰى عَنْهُمْ مَّا كَانُوْا يَكْسِبُوْنَ ۝۸۴
وَمَا خَلَقْنَا السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ وَمَا
بَيْنَهُمَآ اِلَّا بِالْحَقِّ ۗ وَاِنَّ السَّاعَةَ
لَاٰتِيَةٌ فَاصْفَحِ الصَّفْحَ الْجَمِيْلَ ۝۸۵
اِنَّ رَبَّكَ هُوَ الْخَلّٰقُ الْعَلِيْمُ ۝۸۶

87. हमने तुम्हें सात मसानी (आयतें जो बार-बार दोहराई जाती हैं) का मजमूआ यानी क़ुरआन अज़ीम अता किया।

88. जो कुछ ऐश का सामान हमने उनमें मुख़्तलिफ़ क़िस्म के लोगों को दिया है तुम उसपर अपनी आंखें न पसारो; और उनका कुछ ग़म न खाओ, तुम तो अपने बाज़ू मोमिनीन के लिए झुकाए रखो,

89. और कह दो कि "मैं तो साफ़-साफ़ ख़बरदार करनेवाला हूं"।

90. जिस तरह हमने अपने-अपने हिस्से पाने वालों पर उतारा था,

91. उन्होंने क़ुरआन को ग़लत बातें क़रार दिया।

92-93. अब तुम्हारे रब की क़सम, हम लाज़िमन उन सबसे जो कुछ वो करते रहे उसके बारे में पूछेंगे।

94. पस तुम्हें जिस चीज़ का हुक्म मिला है उसे साफ़-साफ़ बयान कर दो और मुशरिकीन से एराज़ करो।

95. मज़ाक़ उड़ाने वालों के लिए हम तुम्हारी तरफ़ से काफ़ी हैं.

96. जो अल्लाह के साथ दूसरे माबूद ठहराते हैं पस अनक़रीब उन्हें मालूम हो जाएगा।

97. हमारे इल्म में है कि जो कुछ वो कहते हैं उससे तुम्हारा दिल तंग होता है।

98. तो तुम अपने रब के गुण गाओ और सजदा गुज़ार हो जाओ,

99. और अपने रब की बन्दगी में लगे रहो यहां तक कि जो यक़ीनी है वह तुम्हारे सामने आ जाए।

सूरह अन-नहल मक्की

(आयतें 128, रुकूआत 16)

ख़ुदा-ए-रहमान व रहीम के नाम से
